

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 10 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-012 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अब आईजी नहीं, डीजी होंगे ईओडब्लू के प्रमुख, सरकार ने जारी की नई अधिसूचना

**रायपुर,10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने विभिन्न शासकीय विभागों के प्रमुखों को लेकर नई अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनमें सबसे बड़ा फेरबदल आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को लेकर हुआ है। आपको बता कि, अब तक ईओडब्ल्यू EOW का नेतृत्व आईजी (IG) स्तर के अधिकारी कर रहे थे, लेकिन नई व्यवस्था के तहत इस ब्यूरो के प्रमुख महानिदेशक (DG) स्तर के अधिकारी होंगे। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा आर्थिक अपराधों की जांच को और अधिक प्रभावी और सशक्त बनाने की दिशा में लिया गया है।

### जो काम नहीं करते, वो खुद से कभी जगह नहीं छोड़ेंगे

**रायपुर,10 अप्रैल।** गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा है, जहां पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के काम नहीं करने वालों को हटाने वाले बयान पर पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बेबाक बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जो काम नहीं करते, वो खुद से कभी जगह नहीं छोड़ेंगे. इसके साथ ही सिंहदेव ने पार्टी में परफॉर्मेंस बेस्ड एसेसमेंट सिस्टम होने की बात कही.

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पार्टी में परफॉर्मेंस बेस एसेसमेंट सिस्टम होना चाहिए. इसी के आधार पर खुलेआम कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मैं 72 साल का हूं, मुझमें अभी भी ऊर्जा है. नए लोग किसी भी उम्र के हों, परफॉर्मेंस आधार होना चाहिए. कोई युवा है, और परफॉर्म नहीं कर पा रहा तो क्या मतलब.

### सुको पर टिप्पणी,ममता बनर्जी को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली,10 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एसएससी (स्कूल सेवा आयोग) भर्ती घोटाले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करने वाली उनकी हालिया टिप्पणियों के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त शिक्षकों के एक वर्ग से मुलाकात की और उनका समर्थन करने की कसम खाई और आश्वासन दिया कि योग्य उम्मीदवार बेरोजगार नहीं रहेंगे। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2016 के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती के माध्यम से की गई 25,752 स्कूल नौकरियों की नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रूप में अपनी नौकरी खोने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृपया यह मत समझिए कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं, और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

# तेंदूपत्ता बोनस घोटाला : मनीष कुंजाम सहित 8 समिति प्रबंधकों के ठिकानों पर छापा

**एसीबी-ईओडब्लू ने की कार्रवाई**

**सुकमा,10 अप्रैल।** जिले में आज सुबह फिर एसीबी-ईओडब्लू ने दबिश दी है. तेंदूपत्ता बोनस से जुड़े मामले में सीपीआई नेता मनीष कुंजाम के साथ आठ समिति प्रबंधकों के घरों में 10-13 अधिकारियों की टीम जांच कर रही है. एसीबी-ईओडब्लू की टीम ने सीपीआई नेता मनीष कुंजाम के अलावा कोंटा प्रबंधक मो. शरीफ़ खान, पालाचलमा प्रबंधक सीएच वेंकट, फूलबगड़ी प्रबंधक राजशेखर पुराणिक, जगरगुंडा प्रबंधक रवि गुप्ता, मिशिगुडा प्रबंधक राजेश आयतु, एर्राबोर प्रबंधक मितेंद्र सिंह राजू, पेदाबोडकेल प्रबंधक सुनील और जग्गावरम प्रबंधक मनोज कवासी के घरों में छापा मारा है. तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में पहले डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित किया गया था. इसके बाद कुछ दिन पहले रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर में भी इसी मामले में कार्रवाई हुई थी. टीम मामले की जांच कर रही है. बता दें कि मामले में जिन मनीष कुंजाम के घर में छापेमारी की है, वे छत्तीसगढ़ में सीपीआई के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार किए जाते रहे हैं. उन्होंने 1990 से 1998 तक अविभाजित मध्य प्रदेश के कोंटा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था. हालांकि, फरवरी 2024 में उन्होंने विधानसभा चुनाव में प्रतीक चिन्ह नहीं मिलने के विरोध में CPI के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था, जिसमें राज्य सचिव और राष्ट्रीय परिषद की सदस्यता भी शामिल थी. मार्च 2025 में सुकमा जिले के पेंटापाड़ गांव में नक्सलियों ने जमीन हड़पने का



आरोप लगाते हुए मनीष कुंजाम के ससुर कलमू हिड़मा की हत्या कर दी. इसके बाद अब तेंदूपत्ता बोनस घोटाले की जांच के तहत एसीबी-ईओडब्लू ने उनके घर में छापेमारी की है. बस्तर क्षेत्र में आदिवासी अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष करने वाले और आदिवासी महासभा के अध्यक्ष मनीष कुंजाम के घर छापामार कार्रवाई से उनकी छवि पर असर पड़ेगा.

### नक्सली लीडर के पत्र पर गृह मंत्री शर्मा का बड़ा बयान, बंदूक का जवाब बंदूक होता है

# सरकार बिना शर्त बातचीत को तैयार

**रायपुर,10 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म कर देंगे। शाह की डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। इस बीच नक्सलियों ने सप्ताहभर के भीतर दूसरी बार शांतिवार्ता के लिए सरकार के सामने अपनी बात रखी है। बीते बुधवार नक्सली लीडर रूपेश ने पर्चा जारी कर कहा है कि अगर सरकार की तरफ से सकारात्मक संकेत मिलते ही पूर्ण युद्धविराम अमल में आएगा। अब इस पर छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों की बात का जवाब देते हुए शांति वार्ता के लिए सरकार का रुख स्पष्ट किया है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि नक्सलियों द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि वे स्कूल और अस्पतालों का विरोध नहीं करते। उन्होंने सवाल उठाया है कि अगर ऐसा है तो उन गांवों में अब तक टीवी क्यों नहीं देखा गया? खेती और सिंचाई की सुविधाएं अब तक क्यों नहीं पहुंची हैं? उन्होंने आगे कहा, नक्सलियों ने शांति वार्ता के लिए अपील की है, लेकिन वे सामने आएं। उन्होंने किसी 'समिति' का जिक्र किया है तो वह समिति कौन-सी है वह स्पष्ट करें। हमारी सरकार ने शांति वार्ता के लिए किसी प्रकार की कोई समिति गठित नहीं की है। सदन में विपक्ष ने भी यह सवाल उठाया था और सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। जो भी लोग बातचीत करना चाहते हैं, वे मुझसे संपर्क करें। मैं उन्हें सुरक्षा देने को तैयार हूं, लेकिन यह स्पष्ट है कि बंदूक का जवाब बंदूक से ही दिया जाएगा। हम बार-बार नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील कर चुके हैं। शर्मा ने कहा, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि नक्सली मुख्यधारा में लौटें और गांवों में रहने वाले लोगों को स्वतंत्र जीवन जीने दें। सरकार की नई पॉलिसी के तहत यदि कोई नक्सली सरेंडर करता है और यदि वह 5-6 वर्षों से संगठन से जुड़ा है, तब भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे बताया, यदि कोई व्यक्ति सरेंडर करना चाहता है, तो हम तैयार हैं। हम छोटे-बड़े सभी समूहों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हैं। आज हम 'VIR' अभियान चला रहे हैं और अच्छी सेवा दे पा रहे हैं। हम गांव-गांव जाकर लोगों से बात कर रहे हैं। यह नरेंद्र मोदी



की सरकार है और अमित शाह का आह्वान है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि सरकार के पास चार साल है और इन वर्षों में सब कुछ ठीक हो जाएगा। रूपेश सहित जिन्होंने यह पत्र लिखा है, मैं सभी से कहना चाहता हूं कि वे बंदूक छोड़ें। मैं उनसे बात करने के लिए तैयार हूं।बंदूक का जवाब बंदूक से होता है। अगर आप चर्चा चाहते हैं तो मुख्यधारा में आना होगा। आप लोग अवैध गतिविधियों में संलग्न हैं और भारत के संविधान को नहीं मान रहे हैं। यहां भारत है, यहां लोकतंत्र है, चीन नहीं। अलग-अलग टीमों द्वारा 28, 2 और 8 तारीख को पत्र जारी किए गए हैं, जिनमें से 2 तारीख का पत्र तेलुगु में है। हम हर सवाल का स्पष्ट रूप से उत्तर देंगे। गौरतलब है कि इससे पहले सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी कर स्वीकार किया था कि पिछले 15 महीनों में उनके 400 साथी मारे गए हैं। अगर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन रुकती है, तो हम शांतिवार्ता के लिए तैयार हैं। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वे शांतिवार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए कोई शर्त न हो।

# दिल्ली लाया गया आतंकी तहव्वुर राणा

### एनआईए ने हिरासत में लिया, एयरपोर्ट से एनआईए हेडक्वार्टर तक जबरदस्त पहरा

**नई दिल्ली,10 अप्रैल।** अमेरिका से प्रत्यर्पित 26/11 आतंकी हमलों के दोषी आतंकी तहव्वुर राणा भारत पहुंच चुका है. आतंकी को लेकर भारत के लिए निकली विशेष विमान ने दोपहर 2.45 को दिल्ली में लैंड किया. इसके बाद एनआईए ने हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां उसे गिरफ्तार कर एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा और पूछताछ शुरू होगी. फिलहाल तहव्वुर राणा का पालस एयरबेस में मेडिकल कराया जा रहा है, जिसके बाद उसे कोर्ट ले जाया जाएगा. मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत आ गया है. उसे अमेरिका से लाया गया है. आतंकी तहव्वुर को जिस स्पेशल विमान से लाया गया है उसकी दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंडिंग हुई है. इस हाई प्रोफाइल आतंकी को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. SWAT कमांडो की टीम एयरपोर्ट पर तैनात है. आतंकी तहव्वुर राणा को सबसे पहले एनआईए 26/11 हमले को लेकर दर्ज अपने केस में गिरफ्तार करेगी. उसे एनआईए के हेडक्वार्टर लेकर जाया जाएगा, जहां उसका मेडिकल टेस्ट होगा. उसके बाद राणा को कोर्ट में पेश कर उसकी रिमांड मांगी जाएगी. पालम एयरबेस से भारी सुरक्षा के बीच राणा को एनआईए हेडक्वार्टर लेकर जाया जाएगा. कई लेयर की सिक्योरिटी होगी. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के SWAT कमांडो के सुरक्षा घेरे में उसे ले जाया जाएगा. दिल्ली पुलिस की कई गाड़ियां राणा के काफिले को एस्कॉर्ट करेंगी. राणा एयरपोर्ट से बुलेटप्रूफ गाड़ी में जाएगा.




### तरनतारन में सब-इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या

**तरनतारन ,10 अप्रैल।** पंजाब के तरनतारन जिले के कोट मोहम्मद खान गांव में देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां झगड़ा सुलझाने पहुंचे पुलिस दल पर अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चला दीं। इस गोलीबारी में श्री गोइंदवाल साहिब थाने के सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह की मौत हो गई, जबकि एक अन्य पुलिस अधिकारी भी हमले में घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार रात एक बार फिर झगड़ा बढ़ने पर पुलिस को ऑनलाइन शिकायत दी गई। शिकायत मिलते ही सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने की कोशिश करने लगे।

# गोली चलाए बिना हासिल किया जा सकता है लक्ष्य: राजनाथ

**नई दिल्ली,10 अप्रैल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण तरीकों से निरोध और युद्ध लड़ने में क्रांति ला रही हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध भूमि, समुद्र और हवा के पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर अंतरिक्ष, साइबर, पानी के नीचे और रचनात्मक प्रयास के नए क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने नीलगिरी के वेलिंगटन में डिफेंस स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लेते हुए कहा कि वर्तमान में, प्रौद्योगिकी पहले की तरह भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को आगे बढ़ा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा, ''हम 'ग्रे जोन' और मिश्रित युद्ध के युग में हैं जहां साइबर हमले, गलत सूचनाओं का प्रचार और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं जिनसे एक भी गोली दागे बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों को लक्ष्य बनाने के साथ हीउन्हें हासिल भी किया जा सकता है।'' 'ग्रे जोन' से आशय ऐसे कालखंड से हैं जहां युद्ध और शांति के बीच के समय में राज्य और राज्येतर तत्वों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की प्रतिस्पर्धा होती है। इसमें गैर-परंपरागत तरीकों और रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है जो परंपरागत युद्ध के दायरे में नहीं आते। राजनाथ सिंह ने कहा कि एआई और प्रौद्योगिकियों की उभरती हुई टोकरी - रोबोटिक्स, सैन्य स्वायत्तता, ड्रोनरी, क्वांटम, ब्लॉकचेन, अंतरिक्ष, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और इसी तरह की अन्य प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण तरीकों से निरोध और युद्ध लड़ने में क्रांति ला रही हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध भूमि, समुद्र और हवा के पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर अंतरिक्ष, साइबर, पानी के नीचे और रचनात्मक प्रयास के नए क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय वर्ष 2025 के लिए निर्धारित लक्ष्यों पर महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत और बहु-डोमेन एकीकृत संचालन में सक्षम युद्ध के लिए तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर- क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण की नींव रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने सागर को और आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल साउथ के लिए एक दृष्टिकोण की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले, हमारे प्रधानमंत्री ने सागर-क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण की नींव रखी थी। यह दृष्टिकोण हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) की स्थिरता और समृद्धि के लिए था। आज, हमने इसे और आगे बढ़ाया है, और हमारे प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ के लिए एक दृष्टिकोण की घोषणा की है, जिसे सागर से आगे बढ़कर महासागर- क्षेत्र भर में सुरक्षा और विकास की पारस्परिक और समग्र उन्नति के रूप में परिभाषित किया गया है।



### बस्तर के विकास के लिए बनेगा रोडमैप

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 15 और 16 अप्रैल को अधिकारियों से करेंगे चर्चा

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,10 अप्रैल।** मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त करने के लक्ष्य के साथ ही राज्य सरकार सम्पूर्ण बस्तर के समन्वित विकास के लिए रोडमैप बना रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खुद इस संबंध में 15 और 16 अप्रैल को जगदलपुर में संबंधित विभाग के सचिव, कमिश्नर, कलेक्टर और उस क्षेत्र में कार्य करने वाले स्टेकहोल्डर से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री साय 15 अप्रैल को जगदलपुर में चार विषयों- कृषि, पशुपालन, मछली पालन और संबद्ध विषय, औद्योगिकीकरण एवं रोजगार, पर्यटन को बढ़ावा देना, कौशल विकास सहित युवाओं को बस्तर एवं अन्य क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने से संबंधित विषयों पर बस्तर में पदस्थ अधिकारियों एवं उस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा करेंगे। वहीं, 16 अप्रैल को बस्तर संभाग के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं वनमंडल अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने इस संबंध में कृषि, वाणिज्य एवं उद्योग, पर्यटन, कौशल विकास विभाग के सचिव और बस्तर संभाग के कमिश्नर एवं कलेक्टरों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में, विशेषकर बस्तर संभाग में विकास की गति भी तेजी से बढ़े, इसके लिए बस्तर के सभी जिलों के विकास का एक रोडमैप बनाया जाना है। इस हेतु पूर्व में बनाया गया दस्तावेज विजन @2047 नवा अंजोर का भी अवलोकन कर उसमें उल्लेखित बिंदुओं को समाहित किया जाए। सुबोध कुमार सिंह ने कहा है कि संबंधित विभागीय सचिव इन बैठकों एवं प्रस्तुतीकरण के संयोजक होंगे। वे संभागीय आयुक्त, बस्तर के साथ समन्वय कर सभी स्टेकहोल्डर को चर्चा में आमंत्रित करेंगे। प्रत्येक विषय पर लगभग एक घंटा चर्चा का समय रखा गया है।



### तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी की मुश्किलें बढ़ी

**मुजफ्फरपुर ,10 अप्रैल।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संरक्षक मुकेश सहनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चुनाव चिह्न के दुरुपयोग से जुड़े मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत से नोटिस जारी किया गया है।

## नए कानून में पहली बार हत्या पर सजा

**बेमेतरा,10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के पहले मामले में अदालत ने एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला जिले और राज्य दोनों में BNS के अंतर्गत हत्या के प्रकरण में पहली सजा मानी जा रही है। मामला 16 जुलाई 2024 का है, जब बेरला थाना क्षेत्र में शराब दुकान के पास 400 रुपये के उधार को लेकर मृतक दिनेश यादव और आरोपी ओमप्रकाश मंडावी के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने दिनेश यादव की हत्या कर दी। इसके बाद बेरला पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विवेचना कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 01 जुलाई 2024 से लागू की गई थी, और यह घटना इसके महज 15 दिन बाद घटित हुई थी। मामले में एकमात्र चश्मदीद साक्षी ने पहले और दूसरी गवाही में विरोधाभासी बयान दिए। लेकिन नए कानून के तहत अभियोजन पक्ष ने साक्षी के पहले दिए गए बयान का वीडियो अदालत में प्रस्तुत किया, जिससे साक्षी की पुष्टि हो सकी और आरोपी को दोषी ठहराया गया। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री बृजेश कुमार शास्त्री ने BNS की धारा 103(1) के तहत आरोपी को आजीवन कारावास के साथ 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मामले के विशेष लोक अभियोजक पी. रामकृष्ण साहू ने बताया कि BNS की धारा लागू होने के बाद यह छत्तीसगढ़ राज्य का पहला फैसला है.

# तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण मोदी सरकार की बड़ी सफलता: शाह

**नईदिल्ली, 10 अप्रैल ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का प्रत्यर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की बड़ी सफलता है। वह एक कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति की बड़ी सफलता है।

राणा के जल्द ही अमेरिका से भारत आने की उम्मीद है, क्योंकि उस देश के सुप्रीम कोर्ट ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने के फैसले के खिलाफ उसकी अर्जी खारिज कर दी है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार का प्रयास भारत के सम्मान, भूमि और लोगों पर हमला करने वालों को न्याय के कटघरे में लाना है। उन्होंने कहा कि उसे यहां लाया जाएगा और उसे सजा दी जाएगी। यह मोदी सरकार की बड़ी सफलता है। राणा ने अमेरिका में उपलब्ध सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल कर लिया है और उसे जल्द ही भारत वापस लाया जा सकता है।अमित शाह ने कांग्रेस का नाम लिए बिना उस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि 2008 में मुंबई आतंकी हमले के समय सत्ता में बैठे लोग राणा को मुकदमे का सामना करने के लिए भारत नहीं ला सके। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा मुंबई आतंकी हमलों का मुख्य आरोपी था जिसमें 166 लोग मारे गए थे। केंद्र सरकार की एक बहु-एजेंसी टीम उसे भारत में 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए लाने के लिए पहले से ही अमेरिका में है। सूत्रों ने बताया कि राणा को दिल्ली लाए जाने की उम्मीद है, जहां वह शुरू में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में रहेगा, जो कानूनी औपचारिकताएं पूरी करेगी। मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने वाला आतंकी तहव्वुर राणा कभी भी भारत पहुंच सकता है।

# वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को होगी सुनवाई

### सबसे पहले सुनी जाएगी ओवैसी की याचिका अब तक 20 पिटीशन हो चुके हैं दाखिल

**नई दिल्ली,10 अप्रैल।** वक्फ संशोधन कानून पर 'सुप्रीम' सुनवाई की तारीख तय हो गई है। वक्फ कानून को लेकर पहली सुनवाई 16 अप्रैल को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच करेगी। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के वी विश्वनाथन बेंच के बाकी 2 सदस्य हैं। मामला सुनवाई की सूची में 13वें नंबर पर लगा है। सबसे पहले हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर सुनवाई होगी। बता दें वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ अबतक 20 याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की जा चुकी है। सभी याचिकाओं में मुख्य रूप से यही कहा गया है कि यह मुसलमानों के साथ भेदभाव करने वाला कानून है। वक्फ एक धार्मिक संस्था है। उसके कामकाज में सरकारी दखल गलत है। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ अब तक 20 याचिका दाखिल करने वालों में कांग्रेस, आरजेडी, सपा, डीएमके, एआईएमआईएम और आप जैसी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के अलावा जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शामिल हैं। सभी याचिकाओं में मुख्य रूप से यही कहा गया है कि यह मुसलमानों के साथ भेदभाव करने वाला कानून है। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि नया वक्फ कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15 (समानता), 25 (धार्मिक स्वतंत्रता) 26 (धार्मिक मामलों की व्यवस्था) और 29 (अल्पसंख्यक अधिकार) जैसे मौलिक अधिकारों के विरुद्ध है। याचिकाकर्ताओं ने कानून में बदलाव को अनुच्छेद 300 यानी संपत्ति के अधिकार के भी खिलाफ बताया है। वहीं केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है। केंद्र ने किसी भी आदेश से पहले अपना पक्ष सुने जाने की मांग की है। चूंकि वक्फ संशोधन कानून का विरोध करने वाली याचिकाओं में कानून पर रोक लगाने की भी मांग की गई है। ऐसे में सरकार ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि बिना उसका पक्ष सुने कोर्ट कोई एकतरफा आदेश न दे। इसके अलावा कानून के समर्थन में भी कुछ याचिकाएं दाखिल हुए हैं।

# कांग्रेस अंग्रेजों की भूली-बिसरी औलाद है : कंगना

**नई दिल्ली,10 अप्रैल।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत फिल्मों के साथ साथ राजनीति में भी काफी एक्टिव हैं। सांसद बनने के बाद वह संसद भी आती है और सभाएं भी करती है। वह कांग्रेस पर निशाना साधने का एक मौका भी नहीं छोड़ती है। हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे भ्रष्ट और अंग्रेजों की भूली-बिसरी औलाद बताया। अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आईं अभिनेत्री ने कांगू में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों और बेदाग ईमानदारी से उस धारणा को बदल दिया। कंगना ने कांग्रेस पर झूठे वादे करने का भी आरोप लगाया और कहा कि मंडी से पूर्व कांग्रेस सांसद प्रतिभा सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से निर्वाचन क्षेत्र को कोई राशि आवंटित नहीं की। रनौत ने दावा किया कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में रामपुर से भरमौर तक मंडी के सभी इलाकों में पांच करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा चुनाव से पहले किए गए वादों की भी आलोचना की.



# तुम ही हो जिम्मेदार; रेप केस में पीड़िता से बोला इलाहाबाद हाईकोर्ट, आरोपी को दी जमानत

**इलाहाबाद,10 अप्रैल।** बलात्कार के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़िता को ही कथित अपराध का जिम्मेदार बताया और आरोपी को जमानत दे दी। मामला सितंबर 2024 का है, जहां एक यूनिवर्सिटी की छात्रा ने आरोप लगाए थे कि बार में मिले एक शख्स ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया था। जबकि, आरोपी ने जमानत याचिका में कहा है कि महिला ही उसके साथ जाने को तैयार हुई थी और सहमति से सेक्स हुआ था। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। आरोपी को 11 दिसंबर 2024 में गिरफ्तार किया गया था। उसपर दिल्ली के हौज खास के एक बार में मिली लड़की के साथ बलात्कार के आरोप थे। कोर्ट का कहना है कि लड़की ने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और वह ही इस कथित वारदात की जिम्मेदार है। उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक बड़ी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा तीन सहेलियों के साथ दिल्ली के एक बार में गई थी। छात्रा का कहना था कि वहां उसे कुछ परिचित व्यक्ति मिले, जिनमें आरोपी भी शामिल था। पीड़िता ने नोएडा पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि शराब पीने के बाद वह नशे की हालत में थी और आरोपी उसके करीब आता जा रहा था। पुलिस को बताया गया कि वे सुबह 3 बजे तक बार में थे और आरोपी लगातार युवती से उसके साथ चलने के लिए कह रहा था। उसने पुलिस को बताया कि बार बार कहने के कारण वह आराम करने के लिए आरोपी के साथ जाने के लिए तैयार हो गई। महिला के आरोप हैं कि वह रास्ते में उसे आपत्तिजनक तरीके से छू रहा था और नोएडा में अपने घर ले जाने के बजाए उसे गुड़गांव में अपने रिश्तेदार के फ्लैट पर ले गया और रेप की वारदात को अंजाम दिया। रिपोर्ट के अनुसार, जमानत याचिका में आरोपी ने कोर्ट को बताया है कि महिला को मदद की जरूरत थी और वह खुद ही उसके साथ घर पर आराम करने जाने के लिए तैयार हो गई थी। आरोपी ने इन आरोपों से भी इनकार किया है कि वह महिला को अपने रिश्तेदार के फ्लैट पर ले गया और दो बार रेप किया। उसका दावा है कि रेप नहीं हुआ था, बल्कि सहमति से सेक्स हुआ था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने कहा, कोर्ट का यह मानना है कि अगर पीड़िता के आरोपों के सही मान भी लिया जाए, तो इस निष्कर्ष पर भी पहुंचा जा सकता है कि उसने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था.

## एक नजर

### डीजीपी ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया



**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई नगर थाना, सेक्टर - 6 कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण करने को अचानक छत्तीसगढ़ पुलिस के डीजीपी अरुण देव गौतम पहुंचे इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम थाना आदि की व्यवस्था देखी जो भी छोटी-मोटी कमियां नजर आई उसे दूर करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए भिलाई सेक्टर - 6 कंट्रोल रूम में पहुंचे डीजीपी अरुण देव गौतम ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हर स्तर पर न्याय दिलाने का पुलिस कार्य कर रही है अभी जो दुर्ग में बड़ी दर्दनाक घटना हुई है उसमें पुलिस अच्छा कार्य की है और जो एविडेंस एकत्र की है वह आगे न्यायालय में काम आएंगे और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में कारगर होंगे क्षेत्र में बढ़ रहे नशे को लेकर उन्होंने कहा कि नशे को कम करने में सभी को मिलकर कार्य करना होगा सप्लाई कम होगी तो अपने आप अपराध में कमी आएगी क्षेत्र में बाहर से गांजा व नशे के पदार्थ की सप्लाई कम हो इसके लिए पुलिस अपने स्तर पर कार्य कर रही है लोगों में नशे की डिमांड कम होगी तो नशे को रोकने में मैं सफल होंगे सभी को मिलकर नशे को कम करने पर कार्य करना होगा तभी जाकर नशा से मुक्ति मिल पाएगी पुलिस द्वारा लगातार गांजा पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है उन्होंने कहा कि पुलिस बल को मजबूत बनाने के लिए हर तरह से कार्य किया जाएगा सिपाही के बीट के काम को लेकर उसे इफेक्टिव बनाना आवश्यक है ताकि वह अच्छे से कार्य कर सके शहर के सभी थानों का निरीक्षण किया जाएगा और वहां पर जो कमी है उसे दूर करने का कार्य किया जाएगा अपराध का ग्राफ बढ़ने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पुलिस अपने स्तर पर कार्य करती है। नशे को नियंत्रण करने के लिए जो भी संभव होगा वह किया जाएगा क्षेत्र में सुरक्षा, अपराध पर नियंत्रण करना ही पुलिस का कर्तव्य है इस दौरान वह सेक्टर 6 के कंट्रोल रुम में भी पहुंचे, जहां पुलिस अफसरों से बातचीत की दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग, दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) अभिषेक झा, आईपीएस राहुल बंसल, छावनी सीएसपी हरिश पाटिल, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी समेत पुलिस अफसर मौजूद थे ।

### चोरी,अपचारी बालक पकड़ाया

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई चोरी करने वाला अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि बालक के पास से आईफोन 11 जब्त किया है। वार्ड 33 दुर्ग निवासी आराध्या शर्मा ने शिकायत की थी कि खाना खाकर परिवार समेत सो गए थे तभी कमरे में अज्ञात चोर आया और आलामरी से नगदी रकम 50 हजार समेत अन्य सामान पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने पतासाजी करने पर अपचारी बालक को गिरफ्तार किया पूछताछ करने पर बालक ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### किशोरी लापता,परिजन परेशान

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र एक किशोरी सुबह से लापता थी इसको लेकर परेशान परिजन मोहन नगर थाना पहुंचे थे जानकारी मिलते ही मोहन नगर पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई थी मोहन नगर पुलिस ने बताया कि संतराबाड़ी निवासी 14 वर्षीय किशोरी को पुलिस टीम ने भिलाई निवासी एक किशोर के साथ नयापारा से पकड़ा है, दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है ।

### भिलाई-चरौदा निगम ने किया सुशासन तिहार कार्यक्रम आयोजित



**भिलाई-03।** निगम भिलाई-चरौदा द्वारा सुशासन तिहार 2025 की शुरुआत कर दी गयी है। विगत 8 अप्रैल मंगलवार से 11 अप्रैल तक प्रथम चरण में निगम कार्यालय के साथ चरोदा बस्ती, बाजार चौक भिलाई-03 एवं सामुदायिक मंच सोमनी में नागरिकों की मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। दूसरे चरण में एक माह के भीतर सभी आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। जिसके बाद सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 05 मई से लेकर 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम हेतु आदेश जारी कर अधिकारियों - कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। प्रथम दिवस पर निगम कार्यालय समेत अन्य 03 जगह पर उपस्थित निगम अमले को कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए।

### महापौर ने पार्षदों के साथ किया कार्य स्थल का निरीक्षण

**दुर्ग, 10 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत के शक्ति नगर की पानी टंकी से सप्लाई होने वाली बड़ी पाईप लाईन फूट जाने के कारण हो रही जल संकट को दूर करने आज जलगृह विभाग द्वारा महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर उक्त टंकी का शट डाउन कर फूटे पाईप को बदलने कार्य प्रारंभ किया जो देर रात तक मरम्मत कार्य चलेंगे और कार्य पूर्ण होने के बाद ही गुरुवार रात्रि तक पानी सप्लाई सामान्य होने की संभावना है जेसीबी व अन्य संशाधनो के साथ प्रशिक्षित कर्मियों के द्वारा किए जा रहे पाईप लाईन सुधार कार्य का निरीक्षण करने जल गृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन स्वयं मौके पर पहुंची और अधिकारियों को मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने व पानी सप्लाई नार्मल होने तक प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से पानी देने के निर्देश दिए ।

# जल संकट की आशंका के चलते कबीरधाम जिला जलाभावग्रस्त घोषित,कलेक्टर का आदेश लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,10 अप्रैल।** गर्मी के मौसम में पेयजल की संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन ने ठोस पहल करते हुए पूरे जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा (आई.ए.एस.) ने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया, जो 10 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

### अनुमति के बिना नलकूप खनन प्रतिबंधित

इस आदेश के तहत, उक्त अवधि में सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई भी व्यक्ति या संस्था नलकूप खनन नहीं कर सकेगी, चाहे वह पेयजल के लिए हो या किसी अन्य प्रयोजन के लिए। यह प्रतिबंध जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा।

### शासकीय एजेंसियों को आंशिक छूट

हालांकि, शासकीय एजेंसियों जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के किसी भी हिस्से में पेयजल प्रयोजन के लिए नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इसी तरह, नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं जिले की समस्त नगर पंचायतों को अपने-अपने सीमा क्षेत्र में केवल पेयजल आपूर्ति हेतु नलकूप खनन की अनुमति से छूट दी गई है। किंतु इन एजेंसियों को इस अवधि में कराए गए नलकूप खनन की जानकारी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को अनिवार्य रूप से देनी होगी।

### अन्य सभी मामलों में अनुविभागीय अधिकारी से लेनी होगी अनुमति

निजी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी एजेंसी द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति खनन करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### इन अधिकारियों को दी गई है अनुमति प्रदान करने की जिम्मेदारी

कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु निम्नलिखित प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, कबीरधाम - नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं जिले की समस्त नगर पंचायतों के क्षेत्र में। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कवर्धा - राजस्व उपविभाग कवर्धा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सहसपुर लोहारा - स.लोहारा उपविभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पंडरिया - पंडरिया उपविभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बोड़ला - बोड़ला उपविभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में। ये अधिकारी छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल संकट की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करेंगे।

उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई-कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति या एजेंसी उक्त अधिनियम का उल्लंघन कर बिना अनुमति के नलकूप खनन करता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे मामलों में दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

## ज्यादा शराब पीना चिंताजनक,कृषकों ने कहा-शराबबंदी की तत्काल जरूरत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,10 अप्रैल।** कृषक परमेश्वर चंद्रवंशी कृषक , बलदाऊ चंद्रवंशी कृषक , पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गोकुल चंद्रवंशी ने युवाओं और गरीब परिवार में शराब ज्यादा पीने की आदत चिंतनीय विषय बन गया है और सुबह से देर शाम तक शराब आखिर क्यों पीते है समझ से परे है और शराब बिक्री सरकार को बंद कर देना चाहिए ।कामठी के मोहित राम यादव बीजेपी सक्रिय सदस्य ने कहा की शराब के कारण उद्दंडता फैल रही है इसलिए शराब बिक्री पूरी तरह बंद कर दना चाहिए । पढ़े लिखे छात्राओं ने कहा की शराब बंद होगा तो सरकार का उचित ओर अच्छा फैसला होगा लेकिन नाम पूछने पर छात्राओं ने कहा की कृपया करके नाम मत पूछिए । पहले गांवों में शराब कम पीते थे आज ज्यादा शराब पी रहे है ओर बहुत गुटखा खा रहे है जो की कैंसर और लीवर खराब होने का कारण हो सकती है युवाओं ओर बच्चों को समझना होगा कई डॉक्टरों और शिक्षाविदों की राय है ।

## फर्जी एफडीआर के मामले में रुद्रा इंजीनियरिंग का नाम काली सूची में

**भिलाई, 10 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई में रूद्रा इंजीनियरिंग द्वारा कई जगह पर निविदा में भाग लेकर कार्य करने हेतु अनुमति प्राप्त की। उसके द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए निविदा के माध्यम से कार्यों को संपादित करने के लिए कार्य आदेश प्राप्त किया। रूद्रा इंजीनियरिंग द्वारा जो अपने कार्यों के लिए एफ.डी.आर जमा किया गया था, वह जाली था। जिसका बैंक से सत्यापन करने पर ज्ञात हुआ कि एफ.डी.आर जितनी राशि की है, उतनी राशि उस खाते में नहीं है। इसकी जानकारी प्राप्त होते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के सभी जोन आयुक्त एवं अधीक्षण अभियंता को तत्काल रुद्रा एजेंसी को काली सूची में डालने का निर्देश दिए और उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है। निगम द्वारा रूद्रा इंजीनियरिंग से जो कार्य करवाया जा रहा था, उसे बंद करवा दिया गया है। निगम इस एजेंसी से कार्य नहीं करवाएगी। उसे तत्काल काली सूची में डाल दिया गया है। ऐसा पत्र सभी जोन में भेज दिया गया है। यह पहली बार हुआ है कि काम करने वाली एजेंसी द्वारा अधिकारियों को गुमराह करते हुए फर्जी एफ.डी.आर जमा किया हो। इससे संज्ञान लेते हुए जो भी अन्य एजेंसी द्वारा एफ.डी.आर जमा किया गया है उसके भी सत्यता की जांच कराई जा रही है।

## त्रिवेणी जैन तीर्थ में णमोकार मंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 9 संकल्पों को किया ग्रहण

**भिलाई, 10 अप्रैल।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में 1008 शांतिनाथ भगवान और भगवान मंगल अभिषेक शांति धारा भक्तों ने किया, तत्पश्चात विश्व णमोकार महामंत्र दिवस पर जैन मिलन जैन ट्रस्ट जैन महिला क्लब और सफल जैन समाज द्वारा आयोजित णमोकार मंत्र दिवस का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र पर जैन मिलन जैन ट्रस्ट और सकल जैन समाज के सम्मानित जनों द्वारा मंगल दीप प्रज्वलन किया गया। जैन भवन सेक्टर 6 में णमोकार महामंत्र का विज्ञान भवन दिल्ली से प्रसारित कार्यक्रम से सीधे जुड़ते हुए 108 णमोकार महामंत्र का जाप उपस्थित धर्म सभा में जैन भवन प्रांगण में किया गया। प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि इस णमोकार मंत्र का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री मोदी ने जैन धर्म के णमोकार मंत्र का बहुत गहराई से बताया। जैन धर्म की महिमा एवं अहिंसा धर्म का का विस्तारपूर्वक वर्णन किया और बताया कि लोकतंत्र के मंदिर में भी णमोकार मंत्र और जैन धर्म का प्रभाव दिखता है। नई संसद में जैन धर्म का प्रभाव साफ दिखता है। शार्दुल द्वार में स्थापित गैलरी में श्री सम्मेद शिखर तीर्थ की रचना. दिखती है। लोकसभा के प्रवेश द्वार पर तीर्थंकर देव की मूर्ति है यह प्रतिमा ऑस्ट्रेलिया से लाई गई है छत पर भगवान महावीर की अद्भुत पेंटिंग है एवं दीवार पर 24 तीर्थंकर भगवान की एक साथ चित्रण किया हुआ है। णमोकार मंत्र में पंच परमेष्ठी भगवान को नमन किया गया है नवकार मंत्र में नो अक्षर की महिमा है 09 अक्षर अखंड है। जैन धर्म हमें बाहर की दुनिया नहीं बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा सिखाता है। जब हम खुद को जीत लेते हैं तो अरिहंत बनते हैं। विज्ञान भवन से नवकार दिवस पर 9 संकल्प जिसमें पानी बचाने का संकल्प, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन, वोकल फॉर मिशन, देव दर्शन, नेचुरल फार्मिंग, हेल्दी लाइफ़स्टाइल, अपने योग और खेल को जीवन में लाना है और गरीबों की सहायता का संकल्प सभा में कराया गया। आज 10 अप्रैल को त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर सुबह राधा भगवान महावीर स्वामी जी के 7-00 बजे अभिषेक शांति धारा पश्चात स्वल्प आहार ध्वजारोहण तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा पालकी में नगर भ्रमण की। दोपहर शोभायात्रा में अभिषेक के पश्चात मिलन चर्चा और मिलन भोज का आयोजन हुआ।

### आयुक्त पहुँचे शिविर,लोगों से मिल कर व्यवस्था की जानकारी ली

**दुर्ग,10 अप्रैल।** नगर पालिक निगम/प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की पहल पर राज्य में सुशासन तिहार 2025 मनाया जा रहा है।यह शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। आज नगर पालिक निगम के 6 केंद्रों में सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी नगर निगम क्षेत्र के लोगों का अच्छा रूझान सामने आया। निगम प्रशासन के मुताबिक नगर निगम द्वारा छह जगहों पर लगाए गए ।

## पोषण एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 अप्रैल।** 8 अप्रैल से 22 अप्रेल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा में प्रतिदिन पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी अनेक गतिविधियां का आयोजन किया जाना है । सेक्टर हनोदा के ग्राम पंचायत पुरई एवं पाउवारा मे परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा झा, पर्यवेक्षक श्रीमती सोनल सोनी की उपस्थिति मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं और बच्चों के साथ पोषण रैली निकालकर शुभारंभ किया गया। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत इस बार मुख्य रूप से जीवन के प्रथम 1000 दिवस जो कि गर्भावस्था से शिशु के दो वर्ष होने का समय है, इस महत्व पूर्ण विषय पर समुदाय को जागरूक करने, कुपोषण की पहचान और उसकी रोकथाम के उपाय अपनाने, ऐनिमिया से बचाव, पर्यावरण संरक्षण एवं डायरिया प्रबंधन इन प्रमुख बातों को सम्मिलित किया गया है। पोषण पखवाड़ा शुभारंभ में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, कम वजन एवं बौनेपन से ग्रसित बच्चों की माताओं को पोषण खजानी को अपने आहार में प्रतिदिन शामिल करने बताया गया । पोषण खजानी अंतर्गत रेडी टू इट के विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने, आसानी से उपलब्ध और पौष्टिकता से भरपूर फूटा चना और गुड़ को नियमित सेवन करने, भींगा मुंग, चना और फल्ली को रोज के आहार में शामिल करने बताया गया । गांव स्तर पर उपलब्ध विभिन्न स्थानीय फल और सब्जियों को सेवन करने की सलाह दी गई । आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टिलेश्वरी साहू, कुंजलता साहू, नेहा साहू, मितानिन, ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे ।

### यूनियन के पदाधिकारियों ने सीएम, डिप्टी सीएम एवं विधायक का जताया आभार

**भिलाई,10 अप्रैल।** सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों का वर्ष 2018 से मांग था कि उनके लंबित उपादान, अवकाश नगदीकरण, जी.पी.एफ. सी.पी.एफ आदि सभी राशि का भुगतान कर दिया जाए, जिसके लिए उनकी पात्रता भी थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भार साधक एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव, स्थानीय वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से नगर निगम भिलाई को 15 करोड़ 21 लाख प्राप्त हुआ है। राशि प्राप्त होते ही अधिकारी/कर्मचारियों के खाते में 184 लोगो को उपादान, 80 कर्मचारियों का अवकाश नगदीकरण, 711 लोगों के जीपीएफ/सीपीएफ एवं परिवार कल्याण निधि की कटौती एवं अधिकारी/कर्मचारियों के एरियस राशि का भुगतान लंबित था।

## जामुल पीआईसी की बैठक में बजट का किया गया अनुमोदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,10 अप्रैल।** नगर पालिका जामुल में पी.आई.सी. की बैठक का आयोजन किया गया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में समस्त 35 विषयों पर चर्चा करके सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । सर्व प्रथम वर्ष 2025-26 के बजट का अनुमोदन किया गया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि जामुल पालिका में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ दस लाख रूपये के प्राप्त निविदा दरों का अनुमोदन किया गया जिसमें जामुल पालिका के सार्वजनिक शौचालयों के संधारण हेतु 57.75 लाख रूपये पार्षद निधि से, सीसी रोड निर्माण हेतु 5.77 लाख रूपये विधायक निधि से, विद्युत पोल विस्तार हेतु 19.55 लाख रूपये 15वें वित्त मद से, टी प्लांटेशन हेतु 6.82 लाख रूपये एवं सीसी रोड निर्माण हेतु 10.48 लाख रूपये विधायक निधि से, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष हेतु राशि 10 लाख रूपये के विकास कार्य को स्वीकृति प्रदान किया गया है । इसके साथ ही फिल्टर प्लांट में संधारण रख-रखाव हेतु 20 लाख रूपये, ओवर हेड टैंक सफाई हेतु 5 लाख रूपये, वर्षा ऋतु में रसायनिक सामग्री हेतु राशि 5 लाख रूपये की क्रय स्वीकृति प्रदान किया गया है। इसके साथ ही सभी प्रकार के पेंशन प्रकरण, भवन अनुज्ञा शुल्क, अनुज्ञप्ति शुल्क के साथ सड़क बाधा शुल्क का भी अनुमोदन किया गया है । पी.आई.सी. के बैठक में विधि एवं सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, जल कार्य प्रभारी राम दुलार साहू, राजस्व प्रभारी कविता विश्वाल, स्वास्थ्य प्रभारी शांति टंडन, खाद्य प्रभारी चुम्मन वर्मा, शिक्षा एवं महिला बाल विकास प्रभारी सीमा यादव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, उप अभियंता गण के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, लेखापाल आशा जंघेल सहित सभी विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे ।

## हिंदी हमारे देश भारत की पहचान है: गायकवाड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा चन्द्रपुर फेरो एलॉय प्लांट, चन्द्रपुर में संयंत्र स्तरीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संकार्य-चन्द्रपुर फेरो एलॉय प्लांट राजेश धर्मराज गायकवाड़ थे व विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन - चन्द्रपुर फेरो एलॉय प्लांट प्रशांत उराडे उपस्थित थे। स्वागत उदबोधन कनिष्ठ प्रबंधक शकील अहमद ने दिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उदबोधन में राजेश धर्मराज गायकवाड़ ने कहा कि हिंदी समूचे भारत में व्याप्त भाषा है। भारत का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वो उसकी



मातृभाषा हिंदी हो अथवा कोई अन्य भाषा, किंतु वह हिंदी समझता ही है। हमारे देश भारत की पहचान है हिंदी, समूचे भारत में हिंदी के माध्यम से हम कहीं भी कार्यव्यवहार कर सकते हैं। गायकवाड़ ने कहा हिंदी हम सबके लिए आवश्यक है और हिंदी का प्रचार-प्रसार करना हमारे संयंत्र के निष्पादन में भी सहायक है, इसी उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। विशिष्ट अतिथि प्रशांत उराडे ने बताया कि हिंदी भाषा में स्पष्टता अधिक है। हिंदी में बोली गई बातों का भावार्थ वही होता है जो उसका शब्दार्थ होता है। अतः हिंदी संवाद की सरलतम भाषा है, इसलिए हमें हिंदी का ही अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसमें अर्थ का अनर्थ नहीं होता, इसलिए कार्यालयीन कार्यों में भी हिंदी का प्रयोग करना ही लाभदायक है। कार्यशाला में बीएसपी के उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने समस्त प्रतिभागियों को गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण दिया तथा ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी भाषा में नोटशीट बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।

## सुशासन तिहार,विधायक, महापौर एवं आयुक्त ने स्वयं बैठकर प्राप्त किए आवेदन



**भिलाई, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं काउंटर पर बैठकर आवेदन प्राप्त कर रहे थे। सर्वप्रथम नागरिको से उनके समस्याओ को सुनकर जो भी तत्काल निराकरण हो सकता था, उसे निराकृत करवाए। अन्य समस्याओं के लिए जानकारी प्राप्त करके संबंधित विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। विधायक ने नागरिकों को बताया कि सुशासन तिहार का आयोजन सभी नागरिकों के लिए है। जिन समस्याओं को लेकर आप हमारे पास, महापौर, आयुक्त या अधिकारियों के पास जाते है, अब कहीं जाने की जरूरत नहीं है। सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य ही यही है, जो भी समस्या है, यहां पर दर्ज करवाये। सर्वप्रथम आपके आवेदन का कार्य के अनुरूप परीक्षण किया जाएगा। एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हमारे सरकार का उद्देश्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका उत्थान। दिव्यांग नोहर दास बंजारे भाटापारा, कोतवाल मोहल्ला, कुरूद वार्ड क्रं. 21 अपने ब्रेड व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए लोन हेतु आवेदन करने आया था। उसने विधायक को बताया कि हमे 50000 रूपये लोन मिल जाएगा। तो मैं अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाके अपने बच्चों को पढ़ा सकता हूँ, मेरा परिवार भी चल जाएगा। मुझे इसकी आवश्यकता है। लोन प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के माध्यम से निराकृत करवाया गया। शीघ्र ही उसे लोन मिल जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत अभी तक नगर निगम भिलाई के 10 शिविरों में कुल 345 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्य कार्यालय परिसर में 75 आवेदन, जोन.1 नेहरू नगर पानी टंकी में 52 आवेदन, वार्ड 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी में 12 आवेदन, जोन.2 कार्यालय परिसर में 36 आवेदन, वार्ड 24 सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन हाउसिंग बोर्ड में 34 आवेदन, जोन.3 कार्यालय परिसर में 48 आवेदन, वार्ड 33 संतोषी पारा स्वास्थ्य कार्यालय में 43 आवेदन, जोन.4 कार्यालय परिसर में 21 आवेदन, वार्ड 46 छावनी तालाब के पास सामुदायिक भवन में 15 आवेदन, जोन.5 कार्यालय परिसर में 9 आवेदन इस प्रकार कुल 345 आवेदनों में 255 मांग एवं 90 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसका निर्धारित समयावधि में निराकरण कर दिया जाएगा। यह शिविर अवकाश के दिनों भी सभी निर्धारित स्थानों पर 11 अप्रैल तक चलेगा। सभी स्थानीय नागरिक अपनी मांग, शिकायते एवं अन्य समस्याएं जिनके लिए उन्हे परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। निगम के कार्यालय एवं अन्य जगहो पर जाना पड़ता है। उसके लिए ही यह शिविर लगाया गया है। शिविर के दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, सहायक नोडल अधिकारी आर एस राजपूत, वामन राव, दिलीप कुर्रे, गजेन्द्र, राहुल बोरकर, हरिश चक्रधारी आदि उपस्थित रहे।

## एमएसएमई विक्रेताओं के लिए जेडईडी एवं लीन प्रमाणन पर संवाद सत्र आयोजित



**भिलाई,10 अप्रैल।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा संयंत्र के मानव संसाधन केन्द्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई विक्रेताओं के लिए डिफेक्ट,इफेक्टश ,जेडईडी, और लीन प्रमाणन योजनाओं पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती उपस्थित थे। विशेष अतिथियों में सहायक निदेशक एमएसएमई.डीएफओ, रायपुर अरविंद तिवारीय प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग तुषार त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र सिंह शामिल थे। संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों में प्रमुखतः मुख्य महाप्रबंधक केसीण मिश्राय मुख्य महाप्रबंधक एके मिश्राय कार्यपालक मुख्य महाप्रबंधक बीके बेहराय मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्णकुमारय कार्यपालक महाप्रबंधक एस बालराजय कार्यपालक महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ ही क्यूसीएफआई के सलाहकार सत्यवान नायक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र में योगदान देने वाले विशेषज्ञों में ज़ेन इंटरनेशनल सिस्टम्स, पुणे की वरिष्ठ सलाहकार डॉण् संजीवनीय वरिष्ठ सलाहकार सच्चिदानंद तथा सलाहकार संजय पिटुरी शामिल थे। संचालन सुश्री यामिनी ताम्रकार ने किया। आयोजन के प्रमुख समन्वयकों में महाप्रबंधक राहुल अरोराय महाप्रबंधक मनोहर शर्माय उप महाप्रबंधक विक्रांत शरण तथा सहायक प्रबंधक स्टीविन जॉर्ज शामिल थे। संपूर्ण कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक केसी मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## एक नजर

### कलेक्टोरेट गार्डन में पक्षियों के दाना-पानी के लिए लगाए गए सकोरे

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टोरेट के गार्डन में पक्षियों के लिए दाना- पानी हेतु सकोरे लगाए गए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट के खुबसूरत गार्डन में पक्षियों का वास है। यहां की हरीतिमा और वृक्षों से कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों को भी इस गर्मी के मौसम में शीतल छांव मिलती है। पक्षियों का कलरव और चहल-पहल बनी रहे, इसके लिए कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मिलकर कलेक्टोरेट गार्डन में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए हैं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने नगरवासियों से पक्षियों के लिए अपने घरों में सकोरे लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि बढ़ती हुई गर्मी को ध्यान में रखते हुए पशु-पक्षियों को भी पानी देने की जरूरत है, ताकि उन्हें राहत मिल सके। प्रकृति, जैव विविधता, जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए हम सभी की सहभागिता होनी चाहिए।

### नई पूनर्वास नीति का लाभ दिलाने कलेक्टर, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश मे पीड़ित परिवारों को पूनर्वास करने नई नक्सलवादी, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पूनर्वास नीति 2025 लागू किया गया है, नीति तहत पीड़ित परिवारों को शासकीय नौकरी, सहयता राशि, आवास, जमीन, शिक्षा, रोजगार व विभागों द्वारा संचालित योजना मे प्राथमिकता देने का प्रावधान है। आज जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक महोदय से मिलकर ज्ञापन सौपकर नई पूनर्वास नीति का लाभ दिलाने निवेदन किया गया। धीरेन्द्र साहू ने बताया कि कलेक्टर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जल्द ही पूनर्वास समिति का मीटिंग कर पूनर्वास तहत दी जाने वाली सुविधा का लाभ देने का भरोसा दिया है।

### मोतीपुर में रामनवमी पर भजन जगराता आयोजित



**राजनांदगांव, 10 अप्रैल।** हिंदू सनातन धर्म परिवार मोतीपुर द्वारा हिंदू नव वर्ष एवं रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल रविवार को आजाद चौक मोतीपुर में भजन जगराता का महा आयोजन किया गया। भजन जगराता में बड़ी संख्या में श्रोतासमाज व माताएं बहने शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष धरम यादव ने बताया कि नवनीत मित्र मंडल द्वारा आकर्षक भजन जगराता मनमुग्ध कर दिया। इसके साथ-साथ विगत वर्ष 22 जनवरी 2024 में अयोध्या के राम मंदिर में रामलाल जी स्थापना में जो मातृ शक्ति द्वारा घर घर जाकर चावल की पोटली और मंदिर की फोटो आमंत्रण के रूप में प्रदान किए थे और सुबह प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को राम-राम जाप जयकारा के माध्यम से जगाते थे उन मातृ शक्तियों व बच्चों को सम्मान किया गया। साथ ही मोतीपुर में महाकाल भक्तों, फाग समिति ,शिक्षा संस्कार फाऊंडेशन के सभी बच्चो को एवं महाकालेश्वर मंदिर में नवरात्रि मंदिर में अपनी सेवा दिए उन सभी भाइयों को भी राम-नाम पट्टी से सम्मान किया गया। वहीं जस जगराता परिवार को स्मृति चिन्ह के रूप में प्रभु राम को फोटो फ्रेम भेंट किया गया। उक्त आयोजन में प्रीतम यादव, प्रवीण यादव, रोहित यादव, त्रिलोक निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, मनोज, आश्विन यादव रोहित महिलांग, सोनू कोसरे, महेंद्र यादव, मधु राजपूत, रोहित शर्मा, पुरषोत्तम देवांगन, दीपक साहू, सेवन मंडले, हेमंत सेन, जयकिश जंघेल, अतुल यादव, अजय यादव, राजा देवांगन, बबलू जघेल, रितेश ओंकार, संजू हिमांशु, रूपेश द्वारा आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव, 10 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में क्षेत्र मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 08.04.2025 को पुख्ता सूचना के आधार पर गठूला नाला श्मशान घाट के पास अपने एक्टिवा क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 5662 में अवैध शराब बिक्री हेतु रखे आरोपीमुन्ना साहू पिता कोमल साहू उम्र 25 साल साकिन इंदिरा नगर शिव मंदिर के पीछे थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के कब्जे से 90 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल 16200 एमएल कीमती 10800 रूपये एवं बिक्री रकम 320 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा क्रमांक CG 08AW 5662 कीमती 20000रूपए को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेस कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, प्र.आर. अरविंद साहू, म. प्र.आर. वंदना पटले, आर. अविरल भगत, तामेश्वर एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# पुख्ता साक्ष्य के आधार पर विवेचना हो :साय

**■ नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता पर दिए निर्देश**



**रायपुर, 10 अप्रैल।** मुख्यमंत्री साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में गृह विभाग के कार्यो की समीक्षा की। मुख्यमंत्री साय ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये कानून न केवल न्याय प्रणाली में सुधार लाने वाले हैं, बल्कि अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास उत्पन्न करने में सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इन कानूनों की प्रभावी समझ और व्यावहारिक प्रशिक्षण पुलिस बल, अभियोजन अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाए, जिनमें केस स्टडी और मॉक ट्रायल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अपराध अनुसंधान प्रणाली को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक और प्रमाणिक बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रकरणों में केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि सटीक और पुख्ता साक्ष्य के आधार पर विवेचना पूरी की जाए ताकि अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विवेचना अधिकारियों को आधुनिक अनुसंधान तकनीकों, डिजिटल फॉरेंसिक, सीसीटीएनएस प्रणाली और वैज्ञानिक उपकरणों के उपयोग में दक्ष किया जाए। पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए अनुसंधान प्रक्रिया में पारदर्शिता, तत्परता और तकनीकी दक्षता अनिवार्य है।

मुख्यमंत्री साय ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौती को देखते हुए साइबर सेल को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने तथा जनता को साइबर जागरूकता से जोड़ने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह,सचिव श्री राहुल भगत के अलावा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सुशासन की सरकार को जगाने सचिवों ने किया रामायण पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रन्तीय आह्वान पर ब्लाक ईकाई डोंगरगढ़ के समस्त सचिव गण दिनांक 18/3/2025 से अनवरत हड़ताल पर बैठे हुये है और इस हड़ताल के फलस्वरूप ग्राम पंचायत के संपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत में रूक सा गया है नवनिर्वाचित सरपंच गण अपने दायित्वों को लेकर प्रतिबद्ध तो है लेकिन सचिवों के बगैर वह भी अब असहाय हो गया है शासन प्रशासन भली भांति अवगत हैं कि शासन की कोई भी योजना को बगैर सचिव के ग्राम पंचायत की धरातल पर उतारना संभव ही नहीं है ,आज सरकार गांव गांव में सुशासन दिवस तो मना रही हैं लेकिन उसका प्रचार प्रसार ठीक ढंग से नहीं होने और सचिवों के हड़ताल होने से गांव में सुशासन का चौपाल में सन्नाटा पसरा हुआ है फिर भी सरकार कुंभकर्णी नींद में सोये हुये है एक तरफ सरकार यह दावा करती है कि सचिवों के हड़ताल करने से शासन को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है वहीं दूसरी तरफ उसके सचिव स्तर के अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था एवं ग्राम पंचायत की आवश्यक सेवायें बाधित हो रहा है का दावा कर रहे हैं और 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने के लिये निर्देश जारी कर दिये है लेकिन हड़ताली सचिव भी अपने एक सूत्रीय मांगों को लेकर इस बार आर पार के मूड़ में बैठे हुये है सरकार द्वारा मोदी की गारंटी में शासकीयकरण का वादा किया गया था जिसे पूर्ण कराने के लिये आज ब्लाक ईकाई डोंगरगढ़ सचिव संघ के अध्यक्ष राजाराम उईके के अगुवाई में रामायण पाठ गायन का आयोजन किया गया।

## कुशासन में सुशासन तिहार मनाना सिर्फ नौटंकी है: महेंद्र यादव

**■ महंगाई से जूझ रही जनता पर मोदी सरकार का दोहरा प्रहारः यादव**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छूरिया, 10 अप्रैल।** जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने कहा की कुशासन के माहौल पर भाजपा का सुशासन दिवस सिर्फ एक नौटंकी है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को जन विरोधी करार देते हुए कहा कि मोदी निर्मित महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है आज एक बार फिर सरकार ने जनता पर महंगाई का दोहरा प्रहार किया है एक तरफ जहां फूट आयल अंतरराष्ट्रीय मार्केट में ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर में आ गया है दूसरी तरफ मोदी सरकार सेंट्रल एक्साइज में 2 रुपए की बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है. महामंत्री श्री यादव ने आगे कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में अचानक 50 रुपए की वृद्धि आम जनता की प्रति अन्याय है।

उज्वला योजना के नाम पर ढोल पीटने वाली मोदी सरकार ने गरीब जनता की आंखों में धूल झोंक रही है केंद्र सरकार के द्वारा रसोई गैस की कीमतों में की गई वृद्धि उज्वला के हितग्राही और सामान्य उपभोक्ताओं दोनों के ऊपर या अनुचित बढ़ोतरी लागू होगी।

## बाबा मरस पोटा धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव की भव्य तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 10 अप्रैल।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 12 अप्रैल दिन शनिवार श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी भव्य रूप की जा रही सुबह से हनुमान चालीसा का पाठ एवं महा आरती के बाद चना गुड़ एवं रोट खिचड़ी का प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा। राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में श्री मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं नवरात्रि नवदिन



भंडारा के आयोजन के बाद अब 12 अप्रैल दिन शनिवार श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है पुरे मंदिर प्रांगण को केसरिया झंडा तोरण से सजाया जा रहा है। बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। धाम में कन्या विवाह बड़ी धूमधाम से किया जाता है समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के कन्याओं को यह नहीं लगाना चाहिए कि आर्थिक तंगी के कारण शादी नियम से नहीं हुई इस लिए हमारी कन्या विवाह समिति बनाई गई है कन्या विवाह में जय माला सेटअप/हल्दी/ फेरा /बारात स्वागत/बराती ओ के लिए भोजन प्रसादी समिति द्वारा की जाती है बाबा मरस पोटा धाम में क्वांर एवं चैत्र नवरात्र/11 दिन गणपति/1 माह सावन माह साहित हनुमान जन्मोत्सव/ महाशिवरात्रि/तीज त्यौहार/ कन्या विवाह सहित अन्य पर्व में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाता है बाबा मरस पोटा धाम में 41 फीट ऊंचा भव्य त्रिशूल निर्माण कार्य जारी है 35 सौ वर्ग फिट गोल परिक्रमा के लिए चबुतरा निर्माण कार्य किया गया 30 फीट कालम ढ़लाई कार्य पूर्ण हो चुकी है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकालेंगे मोटर साइकिल रैली, शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**■ 11 व 12 अप्रैल को दो दिवसीय होंगे आयोजन**

**राजनांदगांव, 10 अप्रैल।** श्रीहनुमान जयंती आयोजन समिति के द्वारा इस वर्ष भी दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 11 और 12 अप्रैल को आयोजित महोत्सव के लिए समिति के पदाधिकारी, सदस्य, आमजन जोर-शोर से जुट गए हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के तहत पहले दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। यह मोटर साइकिल रैली शहर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण करते हुए पुनः आयोजन स्थल म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड पहुंचेगी। महोत्सव के दूसरें दन शनिवार को दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंचेगी। यहां भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाएगा। महोत्सव के तहत शनिवार को निकलने वाली शोभायात्रा में हनुमानजी की भव्य झांकी, बैंड बाजा, डीजे, धुमाल, अखाड़ा, राऊत नृत्य, पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य, जस झांकी मंडली के साथ ही प्रसिद्ध भजन मंडलियों की प्रस्तुतियां होंगी। बताया गया कि महोत्सव की शुरुआत साल 2013 में की गई थी।

## श्री नंदेश्वर गौशाला के तत्वावधान में नगर में जगह-जगह कोटना रखा गया

**डोंगरगांव, 10 अप्रैल।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए नगर में पशुओं के लिए जल की समुचित व्यवस्था हेतु श्री नंदेश्वर गौशाला के गौ सेवकों द्वारा कोटना (पशुओं के लिए पानी पीने के पात्र) वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर कोटाने रखवाए गए, जिनका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी के कर-कमलों से किया गया।



इस कार्यक्रम में गौशाला संयोजक सिद्धम चोपड़ा की प्रमुख भूमिका रही। उनके साथ-साथ ललित यादव, रूपेश यादव, भूपेन्द्र रावते, छोटू पटेल एवं अन्य गौ सेवक भी पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नगर में विभिन्न स्थानों पर कोटानों की स्थापना की, जिससे आवारा और प्यासे पशुओं को गर्मी में राहत मिल सके।

**हनुमान जन्मोत्सव**

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर को युवाओं की टोली ने सजाया, होंगे तीन दिवसीय आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 10 अप्रैल।** माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान युवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारी को लेकर युवाओ की टोली लगी है जिसमें शहर को भगवा तोरण, झंडे से सजाया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय रहेगा आयोजन जिसमे 10 अप्रैल 2025 संध्या 4 बजे विशाल बाइक रैली 11 अप्रैल 2025 संध्या 05 बजे भव्य शोभायात्रा 12 अप्रैल 2025 दोपहर 12 बजे महाआरती मूछ वाले हनुमान जी महाराज महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाना तय किया गया है।

समिति के हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का 12 वां वर्ष है जिसमे पहले दिन 10 अप्रैल को विशाल बाइक रैली जिसमे शक्ति वाहिनी की मातृशक्ति बहने रहेगी व अंतिम में साउंड सिस्टम के साथ युवाओ हेतु ध्वज की व्यवस्था की गई है वही दूसरे दिन 11 अप्रैल 2025 को भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र जिसमे हनुमान जी के 5 निशान,भवानी ढोल डोंगरगढ़, राम दरबार व बाहुबली हनुमान लीला,बाल हनुमान साथ ही कांतरा थीम की झांकी सन्ध्या 05 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिये निकलेगी व नगर वासियो को देखने को मिलेगी। हनुमान जन्मोत्सव को नगर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे सर्व समाज, सर्व हिन्दू संगठन समस्त राजीनीति संगठनों व नगर की माताओं बहनों व भाइयों से सहपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है। समिति के हनी गुप्ता ने की अपील - श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर का उत्सव व नगर का आयोजन है हम सब की यह जिम्मेदारी है कि तीन दिवसीय आयोजन के अवसर पर कोई भी व्यक्ति नशा,मदिरा का सेवन न करे आयोजन में पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग व महिलाएं शामिल हो अस्त्र शस्त्र का उपयोग शोभायात्रा में न करे शोभायात्रा व रैली में सनातन संस्कृति व सभ्यता का परिचय अन्य जगहों ओर जाये यह हम सब का प्रयास रहे 550 वर्षो के संघर्षों के बात राम लल्ला का राम मंदिर बना है पूरे भारत मे राममय वातवरण बना है ऐसे समय मे समस्त सनातन प्रेमियों को जाति धर्म का भेद भाव छोड़ संगठित होकर एक होकर यात्रा में शामिल होना चाहिए ताकि हमारे धर्मनगरी की ओर से एकता का संदेश समाज में जाये।

इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में श्री हनुमान भक्त भंडारा समिति व शक्ति वाहिनी समिति आप सभी नगर वासियो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील करती है।

## समाचार संक्षेप

### खुटेरी,भर्रेगांव एवं मोखला में लोगों ने आवेदन समाधान पेटी में डाला



**■ शिकायत एवं मांगों के समाधान के लिए जनसामान्य बड़ी संख्या में आवेदन लेकर पहुंचे**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 10 अप्रैल।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसरोकार से जुड़े स्थानीय समस्याएं, शिकायत एवं मांगों के समाधान के लिए जनसामान्य बड़ी संख्या में आवेदन जमा करने उत्साह के साथ आगे आ रहे है। सुशासन तिहार लोकतंत्र एवं पंचायतीराज के प्रभावी क्रियान्वयन की एक बानगी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा आम जनता के द्वार तक पहुंचकर समस्या का समाधान करने के लिए संवाद की एक सशक्त कोशिश है। जनमानस के हितों के लिए विश्वसनीय, प्रतिबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाये गए हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी, भर्रेगांव एवं मोखला में बड़ी संख्या में जनसामान्य आवेदन लेकर ग्राम पंचायत पहुंचकर समाधान पेटी में अपने आवेदन जमा किए। आम जनता विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए ओवदन लेकर पहुंचे थे। महिलाओं में आवेदन देने के लिए बहुत उत्साह था।

### कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 3 लाख रुपए का चेक प्रदान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन कर्तव्य के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल होने पर प्रधान आरक्षक श्री दिनेश कुमार चन्द्रवंशी की वैद्य उत्तराधिकारी एवं पत्नी श्रीमती वैजन्ती चन्द्रवंशी को अनुग्रह प्रतिकर की राशि 3 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुची दिव्यांग कुमारी वेदिका को प्रदान किया व्हील चेयर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंची छुरिया विकासखंड के ग्राम दामाबंजारी की दिव्यांग कुमारी वेदिका मेश्राम के आवेदन पर संवेदनशीलतापूर्वक तत्काल व्हील चेयर प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम दामाबंजारी निवासी 9 वर्षीय दिव्यांग कुमारी वेदिका मेश्राम अपनी मां के साथ जनदर्शन में व्हील चेयर की मांग को लेकर आवेदन करने जनदर्शन में पहुंची थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग की ओर से व्हील चेयर उपलब्ध कराया गया। जिला कार्यालय में कलेक्टर साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन प्रति मंगलवार को किया जाता है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जनदर्शन में समस्या एवं शिकायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गूंज उठा आकाश नवकार महामंत्र से



**■ सामूहिक रूप से हजारों लोगों ने किया नवकार महामंत्र का जाप, जीव दया की शपथ भी ली**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत आज विविध धार्मिक आयोजन हुए। हजारों लोगों ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति की कामना की। नवकार महामंत्र के जाप के समय पूरा आकाश गूंज उठा। जैन समाज के लोगों ने जीव दया यात्रा भी निकाली और जीव दया की शपथ भी ली। धार्मिक प्रश्नों पर आधारित धार्मिक क्रिकेट का आयोजन भी हुआ जिसमें लोगों ने धर्म को जानने के साथ-साथ काफी आनंद भी उठाया।

आयोजन समिति के संरक्षक मनोज बैद, संयोजक अजय सिंगी , सहसंयोजक ललित भंसाली, उपाध्यक्ष विजय कांकरिया, सचिव ललित चौरडिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बाफना एवं मंत्री सीए राहुल जैन के साथ प्रतीक चोपड़ा तथा रितेश लोढा ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के चौथे दिन आज सुबह 6-00 बजे वर्धमान स्थानक भवन सदर बाजार से भव्य जीव दया यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल लोगों ने जीव दया की शपथ भी ली।

## संपादकीय

### गुजरात में चुनाव जीतना है इसलिए सरदार पटेल हमारे हैं

किसी नेता के सलाहकार अच्छे नहीं होते हैं तो नेता को समय पर सही सलाह तक नहीं दे पाते हैं। सब समझते हैं कि नेता ही सही समय पर सही फैसला नहीं कर पाता है, लोगों को पता नहीं रहता है कि यह सलाह किस ने दी है, इसलिए देर नहीं बहुत देर से फैसला लेने के कारण देश व पार्टी में हंसी का पात्र तो नेता ही बनता है। लोग बहुत देर से फैसला लेने के लिए नेता की आलोचना करते हैं कि देखो तो यह कैसा नेता है जिसे जब फैसला लेना था, तब तो उसने या उसकी पार्टी ने कोई फैसला नहीं लिया अब जब वह फैसला ले रहा है तो उसका कोई फायदा तो होने वाला नहीं है।

इसमें कोई शक नहीं है कि राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं,सारे फैसले वही करते हैं,वह भी सलाहकारों की सलाह पर लेकिन उनके सलाहकार ठीक नहीं है।वह कई बार सही समय पर राहुल गांधी को सही सलाह नहीं दे पाते हैं।इसलिए उनको कई बार वह सफलता नहीं मिलती, जैसी सफलता वह चाहते हैं।वह तीन लोकसभा चुनाव हार कर पीएम मोदी के कद के बराबर नेता तो माने नहीं जा सकते,उनके सलाहकार उनको अजीब अजीब सलाह देते हैं उनको पीएम मोदी के कद के बराबर नेता बनाने के लिए। पता नहीं किस सलाहकार ने उनको यह सलाह दी है कि वह 2027 में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराकर देश में न सही गुजरात में तो मोदी के कद के बराबर नेता बन ही सकते हैं।बड़े मैदान में राहुल गांधी पीएम मोदी को तीन बार मौका मिला हराने का लेकिन एक बार भी नहीं हरा पाए हैं। एक बार भी हरा दिए होते तो वह स्वाभाविक रूप से पीएम मोदी के कद के बराबर नेता माने जाते। राहुल गाधी सलाहकारों की बात मानते हुए बड़े मैदान में फेल रहे हैं तो उनके सलाहकारों ने उनके लिए छोटा मैदान तलाशा है, वह भी ऐसा मैदान जहां एक बार राहुल गांधी जीते तो नहीं है, लेकिन प्रदर्शन अच्छा किए थे।२०१७ के चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने ७७ सीटें जीती थी, उनके सलाहकार मानते हैं कि जब एक बार ऐसा कर सकते हैं तो दूसरी बार भी राहुल गांधी ऐसा क्यों नहीं कर सकते।सलाहकारों की सलाह पर योजना के तहत राहुल गांधी ने संसद में ही पीएम मोदी को चुनौती दे दी थी कि इस बार उनको गुजरात में हराकर दिखाएंगे यानी हम आपको आपके घर में हराएंगे। हम आपको आपके घर में हराकर जनता को दिखाएंगे कि गुजरात में पीएम मोदी का जादू नहीं चलता, गुजरात के लोगों में मोदी के खिलाफ नाराजगी है।मोदी का गुजरात माडल गुजरात में ही फेल है। किसी सलाहकार ने राहुल गांधी को ज्ञान दिया होगा कि तीस साल हो गए है, भाजपा को यहां जीतते हुए। पांच साल में जनता सरकार से नाराज हो जाती है, तीस साल हो गए हैं इसलिए जनता तो कई गुना नाराज हो सकती है।यही सबसे अच्छा मौका है पीएम मोदी व भाजपा को गुजरात में हराने का।इसलिए योजना के तहत मार्च में राहुल गांधी ने जाकर गुजरात में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि गुजरात की जनता विकल्प चाहती है, वह भाजपा की बी टीम नहीं चाहती है।उन्होंने कांग्रेस की गलती भी स्वीकार की थी गुजरात जनता के प्रति कांग्रेस ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निबाही।गुजरात के लोग तब तक कांग्रेस को वोट नहीं देंगे जब तक वह अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं करती है। जब तक हम अपनी जिम्मदारी पूरी नहीं करते हैं हमें गुजरात की जनता से सत्ता नहीं मांगना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा में बहुत सारे लोग भाजपा के लिए काम करने वाले है उनको पार्टी से निकालने की जरूरत है। राहुल गांधी ने अपने ढंग से कांग्रेस के कार्यकताओं को गुजरात में मोटीवेट कर आए थे। इसके बाद गुजरात के कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह पैदा करने के लिए गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन किया गया है।कांग्रेस कार्यकताओं के साथ गुजरात की जनता को भी बताने को कोशिश की गई है कि कांग्रेस के लिए गुजरात का बड़ा महत्व है। गुजरात में चुनाव जीतना भी बहुत महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी और कांग्रेस गुजरात मे चुनाव इसलिए नहीं जीतना चाहते हैं कि वह गुजरात की जनता का भला करना चाहते हैं।वह तो गुजरात में गुजरात की जनता के सहयोग से पीएम मोदी को हराना चाहते हैं।इसलिए चुनाव जीतना चाहते हैं। वह पीएम मोदी को गुजरात में हराकर देश के संदेश देना चाहते हैं कि पीएम मोदी व भाजपा को कांग्रेस ही हरा सकती है। सबसे अच्छी बात यह है कि यहां कोई तीसरी पार्टी नहीं है इसलिए हमेशा मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस में हो होता है। भाजपा का विकल्प कांग्रेस ही है। इसलिए कांग्रेस मानकर चल रही है कि जब भी गुजरात की जनता भाजपा को नकारेगी तो उसे ही चुनेगी। गुजरात में चुनाव जीतना है तो पटेलों का समर्थन जरूरी है।माना जाता है कि पटेल जिसके साथ होते हैं चुनाव वही जीतता है।अब पटेल समाज को कैसे खुश किया जा सकता है तो राहुल गांधी के किसी सलाहकार ने ज्ञान दिया हो सकता है।इसके लिए सरदार पटेल का उपयोग उनकी १५०वीं जयंती पर किया जा सकता है।कांग्रेस का यह आइडिया तो अच्छा है कि सरदार पटेल तो कांग्रेस के नेता है,भाजपा ने तो उन पर कब्जा कर लिया है।सरदार पटेल तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने वाले थे।यही वजह है कि कांग्रेस ने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक कार्यसमिति की बैठक की, अधिवेशन का आयोजन भी गुजरात में करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कार्यसमिति की बैठक में कहा है कि भाजपा की विभाजन की राजनीति का मुकाबला वह गुजरात में सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलते हुए करेगी। कोई शक नहीं है कि राहुल गांधी को जिसने भी यह आइडिया दिया कि गुजरात में सरदार पटेल की जयंती पर कार्यसमिति व अधिवेशन का आयोजन किया गया और सरदार पटेल को कांग्रेस का महान नेता बताया जाए पर आइडिया अब काम नहीं करने वाला है क्योंकि पीएम मोदी ने सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति बनाकर जैसा सम्मान किया है, भारत रत्न देकर जैसा सम्मान किया उसके बाद गुजरात की जनता किसी के कहने पर मानने वाली नहीं है कि पीएम मोदी और भाजपा सरदार पटेल की सम्मान नहीं करते हैं, उनको महान नेता नहीं मानते थे।कांग्रेस के पास मौका था कई दशकों तक मौका था सरदार पटेल का सम्मान करने का लेकिन वह अपने परिवार के लोगो से परे सोच ही नहीं सकी। इस गलती को वह अब चाहकर भी नहीं सुधार सकती। उसके सरदार पटेल की १५० वी जंयती अधिवेशन आयोजित करने से गुजरात की जनता कैसे मान लेगी की कांग्रेस सरदार पटेल की उसी तरह सम्मान करती है जिस तरह पं. नेहरू का करती है। पं.नेहरू की हजारों मूर्तियां होगी देश में, कांग्रेस नेताओं से कोई पूछे की सरदार पटेल की कितनी मूर्तियां है तो वह बता नहीं सकेंगे, यह जनता जानती है।

राजनीति

# धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं से 'नफरत के सौदागरों ' को सीख लेनी चाहिये

निर्मल रानी



हमारे देश के मंदिरों व शिवालों में प्रातः व सायंकालीन आरतियों के बाद जो प्रार्थनायें की जाती हैं उनमें प्रत्येक सनातनी धर्मावलंबी यह प्रार्थना भी करता है कि 'प्राणियों में सद्भावना हो ', विश्व का कल्याण हो। हमारा ही धर्म हमें विश्व बंधुत्व व वसुधैव कुटुंबकम का पाठ भी पढ़ाता है और यही हमें 'सर्वे भवन्तु सुखिनः ' की सीख भी देता है। यह वाक्यांश भारतीय विचारधारा में सार्वभौमिक एकता और भाईचारे की भावना के प्रतीक हैं तथा समग्र हिन्दू सोच को प्रतिबिंबित करती हैं। निश्चित रूप से यही भारतीय हिन्दू समाज का स्वभाव भी है। और भारतीय बहुसंख्यकों के यही मानवतापूर्ण संस्कार ही भारत को विश्व के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाते हैं। परन्तु हमारे देश में दशकों से अनेक संकीर्णतावादी संगठन ऐसे भी सक्रिय हैं जिन्हें न तो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की सोच पसंद है न ही विश्व बंधुत्व,वसुधैव कुटुंबकम और प्राणियों में सद्भावना जैसी बातें इन्हें पसंद हैं। और न ही इन्हें विश्व के कल्याण से कोई वास्ता है। यह संकीर्ण साम्प्रदायिकतावादी देश और दुनिया को अपने ही कट्टरपंथी रंग में रंगना चाहते हैं । यह संकीर्ण व विद्वेषपूर्ण विचार, धर्म और हिन्दू जागरण के नाम पर देश के आम शांतिप्रिय लोगों को उकसाता व भड़काता है। और इसके पीछे की सबसे बड़ी चाल यह है कि इसी वैमनस्य व साम्प्रदायिकता के नाम पर न जाने कितने निखट्टुओं को सत्ता मिल जाती है। और जो लोग लिपिक या चौकीदार अथवा सिपाही के योग्य भी नहीं होते उन्हें देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में राज करने का अवसर मिल जाता है। पिछले दिनों देश में एक ऐसे विषय को विवाद का रूप दे दिया गया जो आजादी के 78 वर्षों बाद भी कभी विवाद का विषय था ही नहीं। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में प्रशासन द्वारा अलविदा (रमजान का आखिरी शुक्रवार ) की नमाज सड़कों पर या अपने घरों की छतों पर पढ़ने पर रोक लगा दी गयी। जिसके कारण अलीगढ़ जैसे शहर में मुसलमानों ने प्रशासन के निदेर्शों की पालना करते व सहयोग करते हुये ईद की नमाज ईदगाह में सुबह 7 बजे और 7:45 पर यानी दो बार में अदा की गयी। ऐसा पहली बार हुआ था। दिल्ली में भी कई भाजपा विधायकों ने एक सुर में सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की। उधर मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों से




यह कहा गया कि लोग मस्जिदों में जब नमाज पढ़ने जाएं तो अगर एक मस्जिद में जगह खत्म हो जाए तो दूसरी मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ लें। उन्होंने मुसलमानों से यही अपील की कि सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए और कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु प्रशासन के निदेर्शों का पालन किया जाये। परन्तु इसी सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी का भी एक बयान चर्चा में आया। उन्होंने सड़कों पर नमाज अदा करने के विरुद्ध मुसलमानों को प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी का पूरी तरह बचाव किया और कहा कि - 'सड़क चलने के लिए होती है और जो लोग बोल रहे हैं उन्हें हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। कुल 66 करोड़ लोग प्रयागराज में आए, कहीं कोई लूटपाट नहीं, कहीं कोई आगजनी नहीं, कहीं कोई छेड़खानी नहीं, कहीं कोई तोड़फोड़ नहीं, कहीं कोई अपहरण नहीं, यह होता है अनुशासन... यह है धार्मिक अनुशासन। मुख्यमंत्री ने मेरठ में सड़कों पर नमाज अदा करने के विरुद्ध प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी पर उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर सरकार के कदम का बचाव करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि महाकुंभ में इस बार श्रद्धालुओं की रिकार्ड उपस्थित रही। प्रशासनिक लापरवाहियों के चलते भगदड़,आगजनी व यातायात जाम जैसी कुछ घटनाएं भी हुईं। परन्तु निश्चित रूप से इन सबके बावजूद बहुसंख्य शांतिप्रिय हिन्दू श्रद्धालु देश विदेश से आये और संगम में स्नान कर वापस चले गये। निश्चित रूप से इनसे अनुशासन की सीख लेने की जरुरत है। परन्तु इसी कुंभ में चंद सत्ता संरक्षित लोग ऐसे भी थे जो खुले आम लोगों को आत्मरक्षा के नाम पर शस्त्र वितरित कर रहे थे। इसी महाकुंभ में कुछ लोग ऐसे भी थे जो संविधान का मजाक उड़ाते हुये हिन्दू राष्ट्र स्थापना की बातें कर रहे थे,इसी महाकुंभ में कुछ ऐसे भी थे जो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः,प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण जैसे मूलभूत सनातनी सिद्धांतों की खिल्ली उड़ाते हुये धर्म विशेष के लोगों के मेले से बहिष्कार की बात कर रहे थे। कई संतरूपी वेषधारियों ने सत्ता के संरक्षण में केवल धर्म विशेष के विरुद्ध नफरत फैलाने जैसा कारोबार फैला रखा था। कुछ लोग ऐसे भी थे जो यातायात की असुविधा से खिन्न होकर बड़े पैमाने पर ट्रेंस में तोड़फोड़ कर रहे थे। परन्तु वास्तव में धन्य हैं वह करोड़ों बहुसंख्य अनुशासित देशभक्त कुंभ श्रद्धालु जिन्होंने इनके जहरीले व देश व संविधान विरोधी आवाहनों को धत्ता बताते हुये मेले में शांति बनाये राखी। निश्चित रूप से देश व दुनिया को ऐसे मानवतावादी हिन्दुओं से सीख लेने की जरुरत है।

सच पूछिये तो इसी महाकुंभ के दौरान प्रशासनिक गलतियों के चलते जब इन्हीं श्रद्धालुओं पर भगदड़ जैसा संकट मंडराया तो इन्होंने प्रयागराज के सैकड़ों मस्जिदों,इमामबाड़ों,दरगाहों व मुस्लिम शैक्षणिक संस्थाओं में पनाह लेने के बाद वहां के मुस्लिम समाज के प्रति अपने प्रेम,विश्वास व सद्भावना के जो भाव सोशल मीडिया पर व्यक्त किये वही भाव देश के बहुसंख्य भारतीयों के भाव हैं। धर्मनिरपेक्षता से नफरत करने वालों को किसी विपक्षी नेता से नहीं बल्कि स्वयं अपने ही वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपई के बयानों से सीख लेनी चाहिये। वाजपेई का कहना था कि "अगर भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं है, तो भारत बिल्कुल भारत नहीं है।" यह भी वाजपेयी के ही शब्द थे कि ₹भारत भाजपा या आरएसएस की वजह से धर्मनिरपेक्ष नहीं है।₹ बल्कि ₹भारत धर्मनिरपेक्ष है क्योंकि इसकी 82% आबादी हिंदू है। यह हिंदुओं की विचार प्रक्रिया और दर्शन है जो इस देश को धर्मनिरपेक्ष बनाता है। हिंदू किसी एक किताब या एक पैगंबर से बंधे नहीं हैं। यहाँ तक कि नास्तिक भी हिंदू है। हिंदू धर्म सभी को गले लगाता है।₹ नफरत के सौदागरों के लिये ही वाजपेई ने यह भी कहा था कि ह्लअगर भारत में कोई हिंदू अपने बहुसंख्यकों के आधार पर अपने लिए ज्यादा अधिकार मांगता है और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कम अधिकार मांगता है, तो मैं ऐसे व्यवहार को सांप्रदायिक कहूँगा।ह्व इसलिये निःसंदेह देश के धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं से 'नफरत के सौदागरों ' को सीख लेनी चाहिये।

## राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी जिम्मेदारी लेकर आने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आपको कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे पारिवारिक समस्याएं भी हल होंगी। आप किसी नए मकान का काम शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आप कोई बड़ी रकम उधार ले सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद खड़ा होने की संभावना है। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए नौकरी में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आप किसी निवेश को कल पर ना टालें। पारिवारिक जीवन में सुख शांति बनाए रखनी होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने बॉस की बातों को इग्नोर नहीं करना है, नहीं तो उनसे कोई बहुत बड़ी भूल हो सकती है। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए कला और कौशल में निखार लेकर आएगा। रचनात्मक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है, जो आपके बिजनेस को बेहतर बनाएगा। पार्टनरशिप में आप कोई डील फाइनल करने से बचें। आपकी अच्छी सोच से आपके बॉस काफी खुश रहेंगे। आपने यदि किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई लोन अप्लाई किया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही दिखाएंगे, जिससे आपको बिजनेस में कोई भारी नुकसान हो सकता है। आप यदि अपने आत्मविश्वास को मजबूत करेंगे, तभी आप किसी लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। पारिवारिक बिजनेस में आपको अपने भाइयों से सलाह-मशवरा करके चलना बेहतर रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके बॉस आपके कामों की आपकी प्रशंसा करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने के प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी जीवनसाथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है, जिसे आप लंबा ना खींचे। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही नहीं करनी है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों को कल पर ना टालें। आप अपने बिजनेस को आगे तक ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका कोई सहयोगी आपके मित्र के रूप में शत्रु हो सकता है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने भविष्य को लेकर कोई प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको यदि कोई पेट संबंधित समस्या चल रही थी, तो उसके बढ़ने की संभावना है। आप धन को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा बिल्कुल ना करें। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएंगी। वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपको मानसिक तनाव से दूर रहने की आवश्यकता है। आपको करियर में अच्छी सफलता हासिल होगी। आपके ऊपर यदि कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश में लगे रहेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको पारिवारिक मामलों को निपटाने के लिए वरिष्ठ सदस्यों से सलाह की आवश्यकता होगी।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। सांसारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आप परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को भी पूरा करने की कोशिश करेंगे। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। आपका कोई कानूनी मामला आपकी लापरवाही के कारण आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप जल्दबाजी में कोई काम ना करें। व्यवसाय में आपको कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको जल्दबाजी में कोई काम नहीं करना है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई पुराना मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है। संतान को नौकरी में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह बदलाव करने का विचार कर सकती है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। धन को लेकर आप जो भी कदम उठाएंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। आप अपने घर की साज सज्जा व मरम्मत आदि की भी योजना बना सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य से आपकी किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन आप उसमें कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरी लगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों को लेकर काफी उत्सुकता दिखाएंगे। आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। आप अपने व्यक्तिगत विकास को करने पर भी पूरा ध्यान देंगे, लेकिन आपको अपने खान-पान में लापरवाही नहीं करनी है, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभर सकती हैं। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।


विश्व णमोकार मंत्र दिवस

# दुनिया को शांति के लिये एकसूत्र में पिरोने का महाअनुष्ठान

ललित गर्ग



महावीर जयन्ती से ठीक एक दिन पूर्व 9 अप्रैल 2025 को विश्व णमोकार मंत्र दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है और एक विश्व, एक दिन और एक पवित्र महामंत्र और उसका पवित्र उच्चारण प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 बजे तक, एक साथ पूरे भूमंडल पर व्याप्त होकर एक उजाला बिखेरेगा। यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है.। दिल्ली में नौ अप्रैल को विज्ञान भवन में इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह आयोजन 180 देश के लाखों भक्तों की भागीदारी, विश्व भर में 100 मेगा इवेंट्स, 6000 से अधिक मंदिरों एवं अन्य स्थलों में एक जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुई, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक्-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदैशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। णमोकार मंत्र शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धता को प्रोत्साहित करने का अमोघ मंत्र है.। यह दिवस जैन धर्म के सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र-ह्यणमोकार महामंत्रह्ल के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। दुनिया में दो मंत्र अधिक प्रभावी हैं जिनमें एक गायत्री मंत्र और दूसरा नमस्कार महामंत्र। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या ह्यपंच परमेष्ठि नमस्कारह्ल भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं। णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहते हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मूल्यों का सम्बन्ध तो ह्यजियो और जीने दोह्ल जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है।



इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष-संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है।

सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं। आचार्य श्री उमास्वाति की प्रसिद्ध सूक्ति है- ह्यपरस्परोपग्रहो जीवानाम्ह्ल अर्थात सभी एक-दूसरे के सहयोगी होते हैं। पारस्परिक उपकार-अनुग्रह से ही जीवन गतिमान रहता है। समाज और सामाजिकता का विकास भी इसी अवधारणा पर हुआ। इस प्रकार णमोकार महामंत्र के जाप से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त होते हैं। णमोकार महामंत्र की शक्ति केन्द्र से परिधि तक परिव्याप्त व्यक्ति से लेकर विश्व तक को आनन्द और अमृत प्रदान करती है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए णमोकार महामंत्र से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। इस दृष्टि से विश्व णमोकार मंत्र दिवस सम्पूर्ण विश्व को आत्म-कल्याण से विश्व-कल्याण की ताकत और प्रासंगिकता से अवगत कराने का सशक्त माध्यम है। आत्मविशुद्धि और मुक्ति के साथ-साथ जीवन को सुखद, समृद्ध, निरोगी और प्रसन्न बनाने के लिए नियमित रूप से णमोकार महामंत्र का जाप करना चाहिए। णमोकार महामंत्र हमें जीवन की समस्याओं, कठिनाइयों, चिंताओं, बाधाओं से पार पहुंचाने में सबसे बड़ा आत्म-सहायक है। यह मंगल भावनाओं से भरा मंत्र जगत में मांगल्य की वृद्धि करता है। मांगल्य की भावना को बढ़ाता है। इस मंत्र के पीछे अनंत साधकों की साधना है। इसलिए इस मंत्र का नियमित जाप करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। जैन मान्यता में नमस्कार महामंत्र सर्वोपरि और सर्वसिद्धिदायक महामंत्र है जिसकी शक्ति अमोघ है और प्रभाव अचिन्त्य है। इसकी साधना से साधक को लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त होती हैं। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता तथा शांति प्राप्त होती है और आध्यात्मिक उत्कर्ष होता है। कषायों की क्षीणता होती है। साधक वीतरागता की ओर बढ़ता है। अपने अहं का विसर्जन करके साधक अर्हं की स्थिति पर पहुंचने के लिए प्रयत्नशील होता है। णमोकार महामंत्र के वर्णों के संयोजन पर विचार करें तो यह बड़ा अद्भुत है और पूर्ण वैज्ञानिक लगता है। जैन परम्परा इस मंत्र को अनादि (द्रव्य दृष्टि से) मानती है, किन्तु यदि यह मान भी लिया जाए कि इस मंत्र का संयोजन किसी महामनीषी ने किया तो उसकी अद्भुत मेधा के सम्मुख नतमस्तक होना ही पड़ता है कि उसने आध्यात्मिक विज्ञान की दृष्टि से पूर्ण संयोजन किया ही, किन्तु भौतिक विज्ञान की दृष्टि से भी यह पूर्ण है, खरा है। इसके बीजाक्षरों को अब आप आधुनिक शब्दविज्ञान की कसौटी पर कसेंगे तो पायेंगे कि इनमें विलक्षण ऊर्जा और शक्ति का भंडार छिपा है।

नमस्कार महामंत्र की साधना में हर पद का केंद्र और स्थान इस प्रकार है- णमो अरहंताणं का ज्ञान केंद्र है जो मस्तक के मध्य भाग पर स्थित होता है। णमो सिद्धाणं का दर्शन केंद्र है जो भृकुटि के मध्य भाग पर स्थित होता है। णमो आयरियाणं का विशुद्धि केंद्र है जो कण्ठ के भाग पर स्थित होता है। णमो उवज्झायाणं का आनंद केंद्र है जो हृदय के भाग पर स्थित होता है और णमो लोए सव्वसाहूणं का तेजस केंद्र है जो नाभि के भाग पर स्थित होता है। णमोकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो समूची दुनिया में शांति, सद्भाव, अमन, अयुद्ध एवं आतंकमुक्ति की कामना के साथ एकसूत्रता में पिरोने का आध्यात्मिक अनुष्ठान होगा। इसकी बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से अहिंसा-शांति को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा-अशांति में लिप्त मानवीय वृत्तियों में अहिंसा एवं शांति आएगी।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा 20 अप्रैल को

**सुकमा, 10 अप्रैल।** प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2025-26 की कक्षा 9वी में प्राक्कयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट पर क्लिक करके डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 20 अप्रैल 2025 रविवार को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में समय दोपहर 10ः00 बजे से दोपहर 01ः00 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यार्थी विभागीय वेबसाईट वेबसाईट 222.द्ध्द्मद्य14ङ्घ.ष्द्ध.द्द्1.द्धठ्ठ से परीक्षा केंद्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केंद्र में शामिल हो सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

### पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ, कलेक्टर एवं अधिकारियों ने ली शपथ



**सुकमा, 10 अप्रैल।** प्रदेश भर में 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक ÷पोषण पखवाड़ा 2025÷ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सुकमा जिले में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष तैयारियाँ की गई हैं। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बिस्मिता पाटले ने पोषण जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अभिनव पहल की शुरुआत की है। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों, एनीमिक व गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य व पोषण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसके अंतर्गत बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, ÷पोषण भी पढ़ाई भी÷, पर्यावरण संरक्षण (मिशन लाइफ), जल संरक्षण, योग शिविर, स्थानीय व मिलेट आधारित खाद्य पदार्थों का प्रचार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एनीमिया उन्मूलन से जुड़ी गतिविधियाँ शामिल हैं। आज आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोषण पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर पोषण से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संबंधित विभागों उद्यानिकी, खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित किया गया है। सभी विभाग मिलकर इस महत्त्वपूर्ण अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### आग लगने से टेलीफोन व बिजली तार जल गए



**सुकमा, 10 अप्रैल।** 8 अप्रैल की दोपहर वन विभाग के क्वार्टर की गली में आग लग गई। टेलीफोन एवं बिजली तार जल कर खाक हो गए। पुलिस जांच में जुटी है।



**जगदलपुर, 10 अप्रैल।** महावीर का क्या संदेश -जियो और जीने दो।

### प्रथम चरण में आवेदन जमा करने पंचायतों और वार्डों में उत्साह से पहुंचे ग्रामीण



**सुकमा 10 अप्रैल।** जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाने तथा जनता से सीधे संवाद करने छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार 2025 का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और प्रथम चरण में समस्या और माँग संबंधी आवेदन देने के लिये पंचायतों और वार्डों में आयोजित शिविर में ग्रामीण नागरिक उत्साह से पहुँचे तथा अपनी समस्या व मांग के संबंध में आवेदन जमा किया। आज दूसरे दिन छिंदगढ़ विकासखंड में आयोजित शिविर में 2663 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में पंचायत के कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर जनमानस का आवेदन लेकर उन्हें विधिवत पावती दिया। सुशासन तिहार 2025 के तहत प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन जमा करने शिविर के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा के द्वारा पूरे 5 वार्डों में शिविर लगाया गया, जहां कर्मचारी उपस्थित रह कर वार्डवासियों को आवेदन के संबंध में जानकारी दिये और आवेदन जमा कर उन्हें पावती भी दी गयी।

# धूमधाम से मनाई गई महावीर स्वामी की जयंती





- नगर में महावीर स्वामी की झांकी के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा
- महावीर स्वामी के जयकारे लगाते किया गया उनके उपदेशों को याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 10 अप्रैल।** गीदम में आज जैन समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ स्वामी महावीर जी की जयंती मनाई गई । सुबह से ही पार्श्वनाथ मंदिर एवं दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान शुरू हो गए । पार्श्वनाथ मंदिर में सुबह लगभग 6 बजे से प्रार्थना , 7 बजे स्नान पूजा एवं 8:30 बजे से सकल जैन समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए हारम तिराहे व वापस मंदिर भ्रमण करते हुए ओसवाल भवन पहुँची । शोभायात्रा में जैन समाज द्वारा भगवान महावीर के जयकारे लगाए गए साथ ही जियो और जीने दो का सन्देश देते हुए महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प किया गया। इसके पश्चात भगवान महावीर स्वामी जी का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं अध्यक्षीय उद्बोधन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। वही ओसवाल भवन में लगभग 12 बजे स्वधर्मिक भोजन आयोजित किया गया । वही दोपहर लगभग 2:30 बजे से मंदिर मे भगवान जी की पूजा अर्चना की गई । इस मौके पर समाज की महिलाओं , बच्चे समेत बड़ी संख्या में युवा वर्ग एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे । इधर शाम 7:30 बजे से कौन बनेगा महावीर एवं अन्य भक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे जिसके लिए तैयारियां भी जोरों से की जा रही है।

- जियो और जीने दो का दिया गया संदेश
- शाम को किये जाएंगे महावीर स्वामी से जुड़े विभिन्न भक्ति कार्यक्रम

# केशकाल के दो छात्रों ने राज्य स्तरीय अंग्रेजी प्रतियोगिता डब्ल्यूपीसी फाइनल में दिखाई प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**फरसगांव/केशकाल, 10 अप्रैल।** केशकाल विकासखंड के अंतर्गत आने वाला प्राथमिक शाला नयापारा सिंगनपुर के कक्षा 3 के छात्र चैतन्य पटेल एवं कक्षा 5 के कविता पांडे ने एससीईआरटी एवं निहार शांति पाठशाला फनवाला के तत्वाधान में लीप फॉरवार्ड की अंग्रेजी प्रतियोगिता वर्ड पावर चैंपियनशिप 2024-25 में अपनी कक्षा के राज्य भर के पंजीकृत प्रतिस्पर्धी बच्चों से प्रतिस्पर्धा कर सुपर सिक्स में चयनित हुए तथा राज्य स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता 29 मार्च 2025 को न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें चैतन्य पटेल ने पूरे राज्य में कक्षा तीन में चौथे स्थान एवं कविता पांडे ने छठवें स्थान अर्जित किया इस अवसर पर बच्चों शिक्षकों एवं पालको श्रीमती नम्रता पटेल व इंद्रा पांडे को सम्मानित किया गया इस अवसर पर एससीईआरटी रायपुर से पुष्पा किस्पोट्टा मेम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे वे कोंडागांव से चयनित छात्रों के नाम सुनकर सहर्ष प्रसंशा किये तथा अगले वर्ष और अच्छे मेहनत कर प्रथम स्थान अर्जित करने प्रेरित किये। शाला स्तर से लेकर सेमीफाइनल राउंड तक की परीक्षा वेबसाइट लिंक से लिया गया तथा सभी स्तर की परीक्षा पश्चात प्रश्नो को बदलकर गूगल मीट से टेस्ट लेकर बच्चों का ऑडिट किया गया। गौरतलब है कि इस स्कूल से हर वर्ष बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल होते हैं तथा अपना अच्छा प्रदर्शन करते हैं 2021-22 में इस स्कूल की छात्रा चंद्रकला नेताम अपने शिक्षक भुवनेश्वर आग्रे एवं पालक संतोष नेताम के साथ मुंबई में सम्मानित हो चुके हैं तथा 2023-24 में कक्षा 5 से देविका सिदार पूरे छत्तीसगढ़ में तृतीय स्थान अर्जित किए थे जिन्हें सम्मान पूर्वक इस वर्ष के कार्यक्रम में पोस्टर पर प्रदर्शित किया गया था।

### जरा सी बारिश में बिजली घंटों गुल



**सुकमा, 10 अप्रैल।** नगर में आंधी-तूफान व बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हुई। घंटों बिजली गुल रही। लोग गरमी से हलाकान रहे। रात 11 बजे बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली। थोड़ी सी बारिश में बिजली की मिचौली से सुकमावासी काफी आक्रोशित थे। आए दिन बिजली बंद रहती है। जबकि सबसे बड़ा पावर हाऊस सुकमा में स्थापित है। ठीक से रखरखाव नहीं किया जाता है।

कचरे का अंबार..



**जगदलपुर।** शहर के ह्दय स्थल अनुपमा चौक में कचरे का अंबार पड़ा है। नगर निमग कचरा डालने वालों पर उचित कार्रवाई नहीं कर रही है। नगर निगम को स्थाई रूप से कचरा डालने को बंद कराना चाहिए।

### माओवाद प्रभावित ग्रामों में 10 से 13 अप्रैल तक लगेगा सुविधा शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 अप्रैल।** जिले में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चयनित ग्रामों एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में शिविर का आयोजन कर लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 10 अप्रैल 2025 को ग्राम रायगुड़ा एवं मेड़वाही में, 11 अप्रैल को ग्राम करकनगुड़ा में,12 अप्रैल को ग्राम जब्बागट्टा में 13 अप्रैल को ग्राम चिन्नाबोड़केल में सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोन्टा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोन्टा को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है।

# महापौर संजय पाण्डे ने सुनी नगरवासियों की समस्याएँ और त्वरित समाधान के दिए निर्देश

- जनसमस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैः पाण्डे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 10 अप्रैल।** महापौर संजय पाण्डे ने नगरवासियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु आज नगर निगम कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नागरिकों ने सड़क, सफाई, पानी आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को महापौर के समक्ष रखा। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर संजय पाण्डे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना नगर निगम की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने विभागीय प्रमुखों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि तय समयसीमा में कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने नगरवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निगम निरंतर प्रयासरत रहेगा। नगरवासियों ने महापौर के इस संवेदनशील और तत्पर रुख की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।ॉ सुशासन तिहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर निगम द्वारा आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और सुझावों के साथ पहुँच रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर संजय पाण्डे ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाधान शिविर का दौरा किया। उन्होंने वहाँ प्राप्त हो रहे आवेदनों और नागरिकों की समस्याओं का गहनता से जायज़ा लिया।

### 2 नवीन सहकारी समितियों के पुनर्गठन पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**सुकमा, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटीयों के पुर्नगठन योजना 2025 के क्रियान्यवन संबंधित प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया गया है। उक्त योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप सुकमा जिले में 2 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी अस्तित्व में आ जायेंगी। पुर्नगठन प्रस्ताव पर प्रभावित एवं परिणामी सोसाइटी के सदस्य, सोसायटी एवं बैंक शाखा तथा अन्य व्यक्तियों के द्वारा 08 अप्रैल से 15 दिवस के समयावधि में 22 अप्रैल तक दावा आपत्ति कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला सुकमा (छ.ग.) के समक्ष तीन प्रतियों में प्रस्तुत की जा सकती हैं।

# छग शालेय शिक्षक संघ ने रिक्त पदों पर पदोन्नति कर पदस्थापना की मांग डीईओ से की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 10 अप्रैल।** छ.ग. शालेय शिक्षक संघ ने जिला में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर अविलम्ब पदोन्नति कर शीघ्र काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से की है। छ.ग. शालेय शिक्षक संघ दन्तेवाड़ा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने यह बताया है कि हमने पदोन्नति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की है। पदोन्नति के विलंब से होने के कारण पात्र शिक्षकों की व्यथा से अवगत करवाया। पदोन्नति पद रिक्तता के आधार पर सत्त चलने वाली प्रक्रिया है। पदोन्नति से कर्मचारियों के मनोबल एवं कार्य दक्षता पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। पूर्व में दन्तेवाड़ा जिला में प्रधान पाठक प्राथमिक शाला की पदोन्नति फरवरी 2023 को हुई थी तथा शिक्षक एवं प्रधान पाठक माध्यमिक शाला की वर्ष 2022 में हुई थी। दो से तीन वर्षों के उपरांत भी पदोन्नति की प्रक्रिया लंबित है। वर्तमान में जिला में प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद रिक्त है।

संभाग के अन्य जिलों में पदोन्नति एवं पदस्थापना की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिला में पदोन्नति में विलंब होने से इनकी संभागीय वरिष्ठता प्रभावित हो रही है व पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षकों के अगली पदोन्नति एवं समयमान - वेतनमान के निर्धारण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मांग को लेकर शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेष सिंह , कुलदीप चौहान ,दीपमाला वेक, नीतु पारधी , वेदिका नाग , कमल कर्मकार , पुरूषोत्तम लाल साहू , धीरेन्द्र सिंह गौतम ,दिनेश गभेल , गजलू पोडियाम ,अंकित गुप्ता , विनय प्रधान ,राकेश मिश्रा , केशव स्वर्ण , आनंद मुडामी , हीरालाल ओयामी, महावीर नाग, कु मधु उइके , पलकेश सोनी , देवेन्द्र धीवर ,दीपक शास्त्री जितेन्द्र चौहान, योगेश सोनी , आशुतोष शिवहरे , नवीन मिश्रा , राजीव मिश्रा ,मनोज ठाकुर , मूलचन्द्र चंद्राकर आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा किया जिस पर उन्होंने शीघ्र पदोन्ति की प्रक्रिया को प्रारंभ कर हितग्राहियों को शीघ्र लाभ देने की बात कही है।

## महावीर जयंती कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे शामिल हुए

**जगदलपुर, 10 अप्रैल।** श्री ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज जगदलपुर द्वारा 13 दिवसीय कार्यक्रम भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2025 के मौके पर महापौर संजय पाण्डे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।



जगदलपुर के वाटर फ्रंट में मंगलवार रात को आयोजित जैनिज्म परिवार के द्वारा संभाग स्तरीय ग्रुप गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मालूम हो कि 13 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मार्च से किया गया है जिसका समापन 10 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने कुमकुम, तिलक लगाकर संजय पाण्डे का स्वागत किया। महापौर संजय पाण्डे ने अपने उद्बोधन में कहा भगवान महावीर के बताएं रास्ते पर चलें, सदमार्ग का अनुशरण करें। भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाए। ऐसे आयोजनों से समाज के उभरते कलाकारों को मंच तो मिलता ही है साथ ही उनकी प्रतिभा भी उभरती है। समाज की महिलाओं व नन्हीं बालिकाओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीच में महापौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनोहर लूनिया, भंवर बोथरा, पारसमल जैन, विमल बोथरा, श्रीपाल जैन, जयेश बरडिया, चंद्रेश छाजेङ संध्या वैष्णव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नक्सली भरोसे योग्य नही,शांति वार्ता चाहते हैं तो आत्मसमर्पण से गुरेज़ क्यों:अली



**सुकमा, 10 अप्रैल।** नक्सलियों की उत्तर पश्चिम सब ज़ोनल ब्यूरो कमेटी के नाम से पर्चा जारी किया गया जिसमें नक्सलियों ने फिर से वार्ता का प्रस्ताव रखा,नक्सलियों ने आपरेशन रोकने की माँग की,पिछले पर्चे मे नक्सलियों ने जब वार्ता का प्रस्ताव रखा तो प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब देते हुए कहा हत्यार छोड़ कर मुख्यधारा से जुड़ने पर ही वार्ता संभव है। नक्सलियों ने पर्चे में गृहमंत्री विजय शर्मा का भी ज़िक्र किया,नक्सलियों ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाये,नक्सलियों के पर्चे का जवाब देते हुए नक्सल विरोधी विचारक फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नक्सली भरोसे योग्य नही,नक्सलियों द्वारा पहले जितने आईईडी गावों खेतों खलियानों मे लगाये गये हैं उन्हें पहले हटायें,निर्दोष ग्रामीण मवेशी मासूम बच्चे वृद्ध और हमारे जवान आईईडी के चपेट मे आ रहे हैं पहले आईईडी हटायें एवं मुख्यधारा मे जुड़े। फ़ारूख अली ने सरकार से अपील करते हुए कहा के नक्सली विश्वास योग्य नही किसी षड्यंत्र की मंशा नज़र आ रही है,इनसे सक्ति से निपटना ही सही रहेगा। फ़ारूख अली ने कहा पुलिस एवं सुरक्षा बलों की कार्यवाही से जनता खुश है,नक्सलियों के काले साये से कई गाँव अब विकास के उजियारे मे अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना कर पा रहे हैं। फ़ारूख अली ने क्षेत्रीय नक्सलियों से अपील करते हुए कहा के हमारे भटके साथी बाहरी नक्सलियों के चक्कर मे अपनी जान न गवायें,आत्मसमर्पण करें एवं सरकार की लाभदायक योजना पाकर अपना जीवन समृद्ध एवं सुखदायी करें। अली ने आगे कहा जल्द अंदरूनी गावों मे पर्चे लगाकर भटके हुए क्षेत्रीय नक्सलियों को मुख्यधारा से जुड़ने अपील किया जाएगा,फ़ारूख अली ने आगे कहा सरकार ने आत्मसमर्पण पर प्रोत्साहन राशि भी 25 हज़ार से बढ़ाकर 50 हज़ार कर दी गई है और हत्यार लेकर आत्मसमर्पण करने पर लाखों का राशि रखा गया है,साथ ही आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के उत्थान के लिए मकान,रोजगार का सुनहरा मौका प्रदाय किया है। फ़ारूख अली ने आगे कहा नक्सली समस्या खत्म होते ही बस्तर की सुंदरता उभरकर नज़र आयेगी पर्यटन के रास्ते खुलेंगे,नये उद्योग एवं रोज़गार का ज़रिया बनेंगे। विकास से बस्तर देश दुनिया के लिए मिसाल बनेगा।

## जिपं सीईओ ने पीएम आवास योजाना के नोडल अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**सुकमा, 10 अप्रैल।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सभी नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करना तथा निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए जाने पर बल देना। बैठक में श्रीमती जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिन हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हुए हैं, उनके निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, उन्होंने आवास प्लस 2.0 योजना की गति को भी तीव्र करने के निर्देश दिए, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास की सुविधा मिल सके। बैठक के दौरान सीईओ श्रीमती जैन ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर पक्का आवास मिले। इसके लिए सभी विभागीय अमले को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से समय-सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिए। सभी अधिकारियों से उनके क्षेत्र के प्रगति विवरण की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस समीक्षा बैठक में सीडीएम सुश्री मधु तेता, जनपद पंचायत के सीईओ, संबंधित तकनीकी अधिकारी, सहायक कर्मचारी एवं अन्य आवास योजना से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती पर जैन समाज ने नगर में निकाली शोभायात्रा



**नारायणपुर, 10 अप्रैल।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में आज महावीर जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी जैन समाज द्वारा जैन मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई 7 जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए भगवान महावीर के द्वारा दिए गए उपदेशो और महावीर स्वामी के जयकारे के नारे लगाते हुए यह शोभायात्रा वापस जैन मंदिर पहुची 7 जहां कल 108 देशों में नवकार मंत्र का जाप करके अहिंसा परमो धर्म का संदेश देकर विश्व में अमन चैन शान्ति की कामना की है । नगर में शोभायात्रा निकालकर जैन समाज यह सन्देश देना चाहता है कि देश और क्षेत्र में अमन-चैन हो और जियो और जीने दो भगवान महावीर के संदेश को जन जन तक पहुंचना है । इस शोभायात्रा मे जैन समाज के सभी वर्ग के बच्चे , बुजुर्ग , महिला और युवा लोगो ने हिस्सा लिया। महावीर जयंती के अवसर पर बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम, भवन में भक्ति साधना के साथ अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। जवरीलाल चौरडिया ने बताया कि महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को जैन समाज द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

एक नजर

## कलेक्टर ने कोषालय का किया औचक निरीक्षण



**रायगढ़, 10 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज जिला कोषालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कोषालय के स्ट्रांग रूम के डबल लॉक में रखें मुद्रांकों, टिकटों एवं बहुमूल्य संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर उन्होंने वर्तमान में चलन से बाहर हो चुके पुरानी हुंडियों एवं मनोरंजन कर के अपलेखन के संबंध में कार्यवाही करने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने खजाना शाखा के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा अनुपयोगी मुद्रांको के अपलेखन के संबंध में जिला पंजीयक से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि कोषालय संहिता अनुसार वर्ष में दो बार कलेक्टर द्वारा कोषालय का निरीक्षण एवं बहुमूल्य वस्तुओं, स्टाम्प आदि का सत्यापन का प्रावधान है, जिसके तहत आज कलेक्टर से कार्तिकेया गोयल ने जिला कोषालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह मौर्य, जिला पंजीयक श्री दीपक कुमार मंडावी, सहायक कोषालय अधिकारी श्री पुष्पेंद्र चंद्रा, खजांची श्री कमलेश डनसेना, लिपिक बसंत यादव व सुरेंद्र देवांगन उपस्थित रहे ।

# जिला प्रभारी सचिव ने सुशासन तिहार का जायजा लिया और आवेदकों से बात भी की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 10 अप्रैल।** सुशासन तिहार का शुभारंभ 8 अप्रैल से शुरू हो गया है। इसी क्रम में गरियाबंद जिले में भी इस अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के नागरिक अपनी मांगों, समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए शिविरों में आवेदन जमा कर रहे हैं।जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत श्यामनगर में चल रहे सुशासन तिहार का दौरा किया। उन्होंने वहां प्राप्त आवेदनों का निरीक्षण किया और आवेदकों से बातचीत की। श्री गुप्ता ने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में जमा करें और पावती रसीद अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर इन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और पात्रता के आधार पर लाभ प्रदान किया जाएगा।

### श्यामनगर में विकास कार्यों पर जोर

प्रभारी सचिव ने श्यामनगर की सरपंच से गांव की समस्याओं और मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। ग्रामीणों की मांग के अनुरूप उन्होंने मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सकें। इसके अलावा, बिहान समूह की महिलाओं से चर्चा के दौरान उन्होंने उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों, जैसे गेंदा फूल की खेती, के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री गुप्ता ने महिलाओं को बेहतर प्रशिक्षण देने और स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्हें ड्रोन दीदी के रूप में प्रशिक्षित करने की बात कही। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों को दिए गए ऋण और प्रशिक्षण की प्रगति का भी जायजा लिया गया।

### स्वास्थ्य और मत्स्य पालन पर ध्यान

श्री गुप्ता ने श्यामनगर के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर संस्थागत प्रसव की स्थिति जानी। इसके बाद छुरा विकासखंड के पाण्डुका में स्थित लाइव फिश वेंडिंग सेंटर का दौरा किया, जहां प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत श्री महेंद्र साहू मछली पालन कर रहे हैं। उन्होंने इस कार्य में स्वसहायता समूह की महिलाओं को शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें भी रोजगार मिल सके।

### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



ग्राम पोंड के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 में पहुंचकर प्रभारी सचिव ने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं, जैसे पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य जांच और समग्र विकास के लिए गतिविधियों की जानकारी ली। सुशासन तिहार के तहत जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों को गति देने का प्रयास जारी है।इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, एसडीएम विशाल महाराणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री आलोक वशिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पंचायत सचिवों की बेमियादी हड़ताल से पंचायतों में कामकाज ठप



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर बीते 18 मार्च से बेमियादी हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने सोमवार को जोरदार रैली निकाली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा, जिसमें मोदी गारंटी को पूरा करने की अपील की गई। इस रैली को नवनिर्वाचित सरपंचों का भी समर्थन मिला।सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत सचिवों ने याद दिलाया कि विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी के तहत उन्हें शासकीयकरण का वादा किया गया था। उन्होंने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से पंचायतों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ज्ञापन में 7 जुलाई 2024 को रायपुर में हुए कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को आवश्यक बताते हुए जल्द ही इस दिशा में कदम उठाने का भरोसा दिलाया था और कमेटी गठित करने की घोषणा की थी।पंचायत सचिवों ने आगे बताया कि 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कमेटी का गठन भी कर दिया गया था और कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी है। उन्हें उम्मीद थी कि बजट सत्र में उनके शासकीयकरण की घोषणा हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं होने और सरकार की ओर से कोई पहल न होने के कारण प्रदेश के सभी पंचायत सचिव नाराज और आंदोलनरत हैं। उनकी बेमियादी हड़ताल के चलते पंचायतों का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है।

# जिला प्रभारी सचिव ने कार्यों की प्रगति के साथ ताजा स्थिति की जानकारी ली



**गरियाबंद, 10 अप्रैल।** जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने आज अपने जिला प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की प्रगति और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में संचालित प्रमुख कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की, जबकि विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की स्थिति और पूर्णता पर प्रकाश डाला।प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने अधिकारियों को शासकीय योजनाओं को गंभीरतापूर्वक लागू करने और प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने जिले के सभी क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना न पड़े, इसके लिए जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही, पानी की कमी की समस्याओं के समाधान और जल संरक्षण के लिए जनजागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें जिला पंचायत, कृषि, वन विभाग और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण, डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति और त्रुटिरहित ऑनलाइन प्रविष्टि पर भी ध्यान देने को कहा गया। मनरेगा के तहत मानव दिवस, आगामी वृक्षारोपण कार्ययोजना और आंगनबाड़ी, स्कूलों व छात्रावासों में मुनगा जैसे लाभकारी पौधों के रोपण के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने, स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं जैसे संस्थागत प्रसव और आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 249 बच्चों को लाभान्वित करने की जानकारी पर श्री गुप्ता ने संतोष जताया और अधिक बच्चों को लाभ देने के लिए प्रोत्साहित किया। आदिवासी विकास विभाग को छात्रावासों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, वन विभाग को इको टूरिज्म स्पॉट विकसित करने और कृषि विभाग को फसल परिवर्तन के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए प्रभारी सचिव ने सभी विभागों से समन्वय और तेजी के साथ कार्य करने पर बल दिया ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके।बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। ।

# सुशासन तिहार के रथ को हरी झंडी दिखा कर जिला प्रभारी सचिव ने रवाना किया



**गरियाबंद, 10 अप्रैल।** जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने आज अपने गरियाबंद जिला प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट परिसर से सुशासन तिहार 2025 के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रभारी सचिव ने प्रचार रथ को रवाना करते हुए कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के गांवों और नगरीय निकायों में जाकर लोगों को सुशासन तिहार के तहत अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

समस्या मांग व अन्य दिक्कतों को प्रमुखता से रखे इस दौरान प्रभारी सचिव श्री गुप्ता और कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आवेदन लिखने में सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों से मुलाकात की। उन्होंने नागरिकों को आवेदन प्रस्तुत करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। श्री गुप्ता ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पंचायतों और नगर मुख्यालयों में समाधान पेटी स्थापित की गई है, जिसमें नागरिक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन संग्रह और समाधान का अभियानउन्होंने जानकारी दी कि 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन संग्रह का महाअभियान जारी रहेगा। इसके बाद दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा निराकरण किया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य शासन द्वारा लोगों की समस्याओं और मांगों के त्वरित समाधान के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तीसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर *समाधान शिविरों* का आयोजन भी होगा, जहां लोगों की समस्याओं का निदान कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश राजपूत सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम में 24 लोगों ने भाग लिया



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा नगर पंचायत सांस्कृतिक भवन, भैरमगढ़ में आयोजित 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। 1 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्यक्रम में 24 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की तकनीकों को सीखा।आर्ट ऑफ़ लिविंग के अनुभवी प्रशिक्षक डी. उमा महेश्वर रेड्डी ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ-साथ आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा विकसित विश्व प्रसिद्ध सांसों की तकनीक ÷सुदर्शन क्रिया÷ का गहन अभ्यास कराया गया।कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रोग्राम ने उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण मदद की है। उन्होंने शारीरिक और मानसिक शांति का अनुभव करने के साथ-साथ तनाव प्रबंधन के नए तरीके भी सीखे। इस सफल आयोजन में भैरमगढ़ क्षेत्र के वन विभाग के एसडीओ मोहन सिंह नायक, आर्ट ऑफ लिविंग की स्वयंसेविका ए. सुनीता और सुश्री रानी शाह का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने योग, ध्यान और प्राणायाम को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, उन्होंने इस ज्ञान और अनुभव को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित यह हैप्पीनेस प्रोग्राम निश्चित रूप से भैरमगढ़ क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली लाने में सहायक सिद्ध होगा।

# शौर्य दिवस पर शहीदों को श्रध्दांजलि दी गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 अप्रैल।** 229 बटालियन के मुख्यालय में निर्देशानुसार शौर्य दिवस का आयोजन किया गया । शौर्य दिवस के आयोजन के क्रम में 229 बटालियन के श्री कुणाल कुमार उप. कमाण्डेंट, श्री भागीरथ मीणा सहायक कमाण्डेंट, श्री निशांत शर्मा सहायक कमाण्डेंट अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवान की उपस्थिति में श्री मुख्त्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी -229 बटालियन द्वारा शहीद स्मारक पर Wreath laying Ceremony (पुष्पांजलि समारोह) का आयोजन किया गया। जिसमें इस वाहिनी के शहीद सिपाही/जीडी वरूण कुमार तिवारी दिनांक 04/06/2015 को बीजापुर (छत्तीसगढ़) जिसमें इस वाहिनी के शहीद सिपाही/जीडी वरूण कुमार तिवारी दिनांक 04/06/2015 को बीजापूर (छत्तीसगढ़) में तैनाती के दौरान आर.ओ.पी. ड्यूटी से लौटते समय नक्सलियों द्वारा लगाए गये आई.ई.डी. पर पैर रखे जाने के कारण ब्लास्ट में बुरी तरह से घायल हो गए तथा उपचाराधीन अवधि के दौरान दिनांक 15/06/2015 को लगभग 0030 बजे वे शहादत को प्राप्त हो गए। साथ ही इस वाहिनी के में के-9 प्लूटो जोकि दिनांक 24/01/2017 को इस बटालियन के परिचालन प्लान संख्या 2292401170125 दिनांक 24/01/2017 के तहत श्री अमित भास्कर, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में 0830 बजे मुरदंडा कैम्प से तीमापुर



तक निर्माणाधीन सड़क पर आर.ओ.पी. ड्यूटी हेतु तैनाती के दौरान प्लूटो आई.ई.डी. के संदिग्ध स्थान की पहचान कर रहा था जिसमें उसका पैर आई.ई.डी. के प्रेशर मै केनिज्म पर पड़ने के कारण शहादत को प्राप्त हुआ को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजली अर्पित की गई। अपने सम्बोधन में श्री मुख्त्यार सिंह, द्वितीय कमाण अधिकारी - 229 बटालियन द्वारा इस दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आज ही के दिन दिनांक 09, अप्रैल, 1965 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा चौकियों के विरुद्ध भारत से सटे हुए भाग को अपने अधिकार में लेने के लिए, रन ऑफ कच्छ (गुजरात) में ऑपरेशन डेज़र्ट हॉकचलाया था जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की द्वितीय बटालियन की दो कम्पनी द्वारा पाकिस्तान की एक इन्फैंट्री ब्रिगेड के इस हमले को विफल कर दिया जिसमें इस बल के 08 जवानों ने शहादत दी एवं पाकिस्तान के 34 जवान मारे गये एवं 04 पाकिस्तानी जवानों को पकड़ा था एक ब्रिगेड़ का 02 कंपनियों द्वारा मुकाबले की इस अप्रितम शौर्य गाथा के उपलक्ष्य में यह दिवस शौर्य दिवस के नाम से प्रत्येक वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जाता है। अपने सम्बोधन में उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में यह बटालियन अति संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावी क्षेत्र में तैनात है जिसमें हमें पूर्ण सजगता तथा सावधानी के साथ कार्य करने की आवश्यक्ता है। तदोपरांत श्री मुख्त्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी ने सैनिक सम्मेलन के माध्यम से उपस्थित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा इस बटालियन में तैनात श्री आरची एन्थोनी माहो, द्वितीय कमान अधिकारी, के साहस एवं शौर्य का भी जिक्र करते हुए कहा कि इन्होने अपने कोबरा में तैनाती के दौरान नक्सलियों से लोहा लिया व उनकी वीरता के लिए उन्हें पुलिस वीरता पदक (POLICE MEDAL FOR GALLANTRY) से नवाजा गया। इसके अलावा सउनि0/जीडी अरुण कुमार एवं सि0/जीडी प्रदीप कुमार सिंह ने, 110 बटालियन (जम्मू व कश्मीर) मैं तैनाती के दौरान मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया था और इनकी बहादुरी के लिए इन्हें पुलिस वीरता पदक (POLICE MEDAL FOR GALLANTRY) से सम्मानित किया गया है। अतः आज के दिवस को महाता को महत्वपूर्ण मानते हुए वाहिनी में पदस्थ वीरता पदक से सम्मानित कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया।

## लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए दंडित नहीं किया जाएगाः विजय शर्मा

**गरियाबंद, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। गरियाबंद जिले के 6 प्रकरण को वापस लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बस स्टैंड चौराहे पर चक्काजाम करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में डमरूधर पुजारी, गोवर्धन मांझी, गुरुनारायण तिवारी, पुनीत राम सिन्हा, लबोधर साहू, गाडाराम उर्फ धनीराम सिन्हा, अर्णव ठाकुर और विभा अवस्थी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा 15 जनवरी 2025 को इस प्रकरण की वापसी की स्वीकृति दी गई।दिनांक 17 फरवरी 2023 को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं का नक्सलियों द्वारा हत्या करने के विरोध में शासन के विरुद्ध नाराबाजी करते हुए रास्ता अवरुद्ध करने के खिलाफ संदीप पांडे, किशन काण्डरा और गुलशन सिन्हा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# माओवादियों के लगाये गए प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से 1 जवान हुआ घायल

**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केरिपु 196 चिन्नाकोड़ेपाल की टीम एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर निकली हुई थी ।कोड़ेपाल नाला के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से 196 वाहिनी केरिपु के बीडीएस टीम के जवान को दोनो पैर में आई गंभीर चोंट घायल जवान को उपचार हेतु जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती किया गया है । आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग कार्यवाही जारी है।

## अधिकारियों को फील्ड में क्वालिटी मॉनिटरिंग के निर्देश

**रायगढ़, 10 अप्रैल।** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री विजय कुमार भतपहरी रायगढ़ में चल रहे विभागीय प्रोजेक्ट्स के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने रायगढ़ शहर के आउटर में बनने जा रहे फोर लेन सड़कों के निर्माण के लिए ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप को जल्द डीपीआर तैयार कर भेजने के निर्देश दिएप्रमुख अभियंता श्री भतपहरी ने खरसिया-छाल-पत्थलगांव सड़क निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि इस सड़क का निर्माण जल्द पूरा करें, इसमें बिल्कुल भी लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पूंजीपथरा-तमनार और रायगढ़-घरघोड़ा सड़कों की पूर्णता के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप ने बताया कि दोनों सड़कों में थोड़ा काम बाकी है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# 22 माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 अप्रैल।** माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही छग शासन द्वारा चलाये जा रहे, नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर PLGA बटालियन नम्बर 1 सदस्य, TSC (तेलंगाना स्टेट कमेटी) अंतर्गत सीआरसी कंपनी नम्बर 2 का सदस्य, एसीएम, मिलिशिया डिप्टी कमांडर, मिलिशिया सदस्य, केएमएस उपाध्यक्ष, मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, जनताना सरकार सदस्य, पदेड़ा, गलगम, कोत्तागुड़ा, कमलापुर, डुमरीपालनार, कोरसागुड़ा आरपीसी के अन्य सदस्य कुल 22 माओवादियों ने 8 अप्रैल को आत्मसमर्पण किये।




आत्मसमर्पित माओवादी के नाम एवं पद 1. कमली हेमला उर्फ सोमे पति कन्ना सोढ़ी, पद PLGA बटालियन नम्बर1 में सदस्य, घोषित ईनाम 8.00 लाख रूपये, मुया माड़वी उर्फ राजेश पिता देवा माड़वी,पद टीएससी(तेलंगाना स्टेट कमेटी) अन्तर्गत सीआरसी कंपनी न0 02 में (पार्टी सदस्य), वर्ष 2023 से सक्रिय, घोषित ईनाम 8.00 लाख रूपये रुपयो सोनू ताती पिता सुक्कू ताती,पद पश्चिम बस्तर डिवीजन प्रेस टीम कमाण्डर (एसीएम), वर्ष-2008 से सक्रिय, घोषित ईनाम 5.00 लाख रूपये ,.महेश पुनेम पिता सन्नू पुनेम पद भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत प्लाटून न0 13 में (पीएलजीए सदस्य) वर्ष-2023 से सक्रिय, घोषित ईनाम 05.00 लाख रूपये।बुधराम ताती उर्फ सुद्दू उर्फ गट्टा पिता सुक्कू सावनार/कोरचोली मिलिशिया कंपनी डिप्टी कमाण्डर, वर्ष-2007 से सक्रिय .सन्नू हेमला पिता गुट्टा हेमला पद सावनार/कोरचोली मिलिशिया कंपनी सदस्य, वर्ष-2010 से सक्रिय।सोमलू मड़कम उर्फ पटेल पिता मासा मड़कम, पद पदेड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष-1999 से सक्रिय। हुंगा कुहराम उर्फ वड्डे उर्फ ओयाम पिता लखमा कुहराम कोत्तागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/जन सम्पर्क शाखा अध्यक्ष, वर्ष-2000 से सक्रिय।.देवा माड़वी उर्फ बुड़ता पिता जोगा माड़वी कोत्तागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष-2006 से सक्रिय । हुंगा कट्टम उर्फ बैदी पिता हिड़मा कट्टम . कमलापुर आरपीसी मिलिशिया प्लाटून बी सेक्शन कमाण्डर, वर्ष-2014 से सक्रिय 1 पोज्जा बाड़से उर्फ जोगा पिता मासा बाड़से,गलगम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष-2005 से सक्रिय।.नंदा मड़कम पिता मडका मड़कम ,कोत्तागुड़ा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष-2003 से सक्रिय।.हुंगी कुंजाम पिता हुर्रा कुंजाम, कमलापुर आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्या, वर्ष-2017 से सक्रिय।.हड़मा पोड़ियम उर्फ उरपा पिता बामन पोड़ियम ,पद कमलापुर आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष-2009 से सक्रिय, विज्जो कुंजाम पति आयतू कुंजाम, पद डुमरीपालनार आरपीसी केएएमएस सदस्या, वर्ष-2020 से सक्रिय, नरसी कट्टम पति पिड़गा कट्टम , पद कमलापुर आरपीसी केएएमएस उपाध्यक्ष, वर्ष-2006 से सक्रिय ।मोती सोढ़ी पिता कुमारू सोढ़ी पद डुमरीपालनार आरपीसी केएएमएस सदस्या, वर्ष-2007 से सक्रिय।विज्जा उईका पिता दुला उईका , पद कोरसागुड़ा आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष-2016 से सक्रिय।कोसा पोड़ियम उर्फ लमडी कोसा पिता जोगा पोड़ियम,पद डुमरीपालनार आरपीसी केएएमएस सदस्या, वर्ष-2007 से सक्रिय।विजय मड़कम ऊर्फ विज्जा पिता मंगडू मड़क, पद- ग्राम करका ग्राम सेल सदस्य/संस्कृति शाखा सदस्य, वर्ष 2013 से सक्रिय।बोदी कारम उर्फ करवे पति बुधरू, पद डुमरीपालनार RPC केएएमएस सदस्या वर्ष 2007 से सक्रिय।.कोसा मड़कम पिता हिड़मा मड़कम , पद ग्राम-करका ग्राम सेल सदस्य/संस्कृति शाखा सदस्य, वर्ष-2004 से सक्रिय। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति और नियद नेल्लानार योजना के कारण कई माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यह योजना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है । इस योजना के तहत, आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जैसे कि पुनर्वास, रोजगार और शिक्षा। इसके अलावा, नक्सल हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए भी राहत और पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। यह योजना माओवादियों को आत्मसमर्पण करने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके परिणाम स्वरूप कई माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं और समाज में शांतिपूर्ण जीवन जीने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण के पीछे जिले में हो रहे विकास कार्य बड़ा कारण रहा, तेजी से बनती सड़कें, गावों तक पहुँचती विभिन्न सुविधाओं ने इन्हें प्रभावित किया है। संगठन के विचारों से मोहभंग एवं मिली निराशा, संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद इनके आत्मसमर्पण का बहुत बड़ा कारण है। छत्तीसगढ़ शासन की नवीन पुनर्वास नीति ने कई माओवादियों को नई उम्मीद दी है और उन्हें संगठन के भीतर शोषण और क्रूर व्यवहार से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया है। यह नीति उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटकर सामान्य जीवन जीने की आशा देती है । इसके अलावा सुरक्षा बलों के लगातार अंदरूनी क्षेत्रों में कैम्प स्थापित करने और क्षेत्र में चलाए जा रहे आक्रामक अभियानों ने भी माओवादियों को संगठन छोड़ने के लिए प्रेरित किया है। नक्सलियों के घर वाले भी उन्हें वापस लाना चाहते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने नक्सलियों से अपील की है कि वे बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों, जहाँ वे निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 50000-50000/- रूपये पचास हजार रूपये का चेक प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया गया।

## पोषण पखवाड़ा में सभी विभाग अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित:कलेक्टर

**रायगढ़, 10 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने पोषण अभियान अंतर्गत 22 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा 2025 के आयोजन के संबंध में अंतर्विभागीय अधिकारियों की जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक ली। बैठक में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस पर विशेष ध्यान देने, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों के मोटापे की समस्या को रोकने हेतु खानपान एवं व्यवहार में परिवर्तन लाने जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। उन्होंने आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत दैनिक गतिविधियों के कैलेण्डर के संबंध में बताया कि गतिविधियों के आयोजन में विभिन्न विभागों का सहयोग की आवश्यकता होगी। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों हेतु राज्य स्तर पर वेबीनार के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र में विशेष सुपोषण चौपाल का आयोजन कर गोद भराई एवं अन्नप्रासन्न गतिविधियां, 6 माह के बच्चे हेतु सुरक्षित, पर्याप्त एवं उचित ऊपरी आहार के संबंध में जानकारी प्रदान करना, स्थानीय खाद्य सामग्री/मिलेट पखवाड़ा में सहयोग की आवश्यकता होगी।

# साहू समाज हमेशा संगठित होकर कार्य करने वाला समाज : इन्द्र साव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 अप्रैल।** तहसील साहू संघ भाटापारा (तरेंगा राज) के तत्वाधान में भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिंगारपुर (मावली) में विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक साव ने कहा कि आदर्श विवाह 50 वर्ष पूर्व साहू समाज ने प्रारम्भ किया जिसको सरकार कन्यादान योजना के रूप मे संचालित कर रही है ये समाज के लिए गौरव की बात है।हमारा समाज हमेशा से संगठित होकर सेवा भावी समाज रहा है, हमारी शक्ति संगठन का यह मूलमंत्र हमें अपनी आने वाली भावी पीढ़ी को देना है ताकि समाज एक नई दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान तय कर सके। समाज का हित सर्वोपरि होना चाहिए और अपने समाज के लोगों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने में हमें अहम भूमिका निभानी होगी

इसके पूर्व भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर विधायक इंद्र साव एवं अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तहसील साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने स्वागत भाषण दिया, तदुपरान्त नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं पार्षदों का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया।

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि दीनदयाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ एवं विशेष अतिथि के रूप में दयालु राम साहू अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र, सहदेव साहू- अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, कोमल साहू अध्यक्ष मोपका परिक्षेत्र, राम सागर साहू अध्यक्ष सिंगारपुर परिक्षेत्र एवं राजेश साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज भाटापारा थे।

कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने एवं आभार प्रदर्शन पन्नालाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भाटापारा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तिहारु राम साहू, लोकनाथ साहू, रामनाथ साहू, बाबूलाल साहू, ढेलूराम साहू, कल्याणी साहू, राजकुमारी साहू, कमला साहू लिलेश्वरी साहू, भारत साहू, वीरेंद्र साहू इत्यादि का सक्रिय सहयोग रहा।

## समाचार संक्षेप

### सिमगा की दुकानों में चोरी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 10 अप्रैल।** प्रार्थी रविंद्र यादव द्वारा 7 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 6 अप्रैल के रात्रि 10:00 बजे से 7 अप्रैल के सुबह 6 के दरम्यान कोई अज्ञात चोर इसके महामाया पर स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर दुकान में रखें 10,200 कीमत मूल्य का सामान एवं नगदी 200 को चोरी कर लिया ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध 183/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी शेख साजिद कुरैशी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 07 अप्रैल को रात्रि करीबन 10:30 बजे वह घूमने बाहर चला गया था, वापस रात्रि 12:45 बजे आया तो देखा, इसके दुकान का शटर खुला हुआ था, जिसमें से आरोपी द्वारा डेली नीड्स की दुकान से 400 कीमत मूल्य का सामान एवं 1100 नगदी रकम को चोरी कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 184/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का पकड़ पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त दोनों प्रकरणों में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तथा प्रकरण के गवाहों से विस्तृत पूछताछ एवं सहयोग से आरोपी जीवन खरसेन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उपरोक्त दोनों दुकानों में चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को 8 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम जीवन खरसेन उम्र 19 वर्ष निवासी इमामबाड़ा सिमा थाना सिमगा है।

## एक नजर

### जिपं अध्यक्ष व कलेक्टर ने कलीराम को गृहप्रवेश कराया



**डौंडी, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुंआगोंदी में पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कलीराम दर्रो को उनके नवनिर्मित आवास में विधिवत गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर उन्होंने बेहतर आवास निर्माण करने के लिए कलीराम दर्रो की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कलीराम दर्रो को प्रधानमंत्री आवास का प्रमाण पत्र एवं उपहार भी प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कलीराम दर्रो के नवनिर्मित आवास का अवलोकन भी किया। इस मौके पर एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 9 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे छन्नु पिता नोहर सिंह, निवासी ग्राम बोड़तारा, तहसील भाटापारा, हरियर बाई मानिकपुरी पति स्व शिवलाल मानिकपुरी, निवासी ग्राम मिरगिदा, तहसील सोनाखान एवं जय कुमार पिता गोपाल निषाद निवासी ग्राम तुरमा तहसील लवन शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

सुशासन तिहार- 2025

### दो दिन में 50 हजार से अधिक लोगों ने दिये आवेदन

**बलौदाबाजार, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने के दूसरे दिन 9 अप्रैल को 32013 आवेदन प्राप्त हुए। 8 एवं 9 अप्रैल दो दिन में जिले के 50 हजार 823 लोगों ने समाधान पेटी में आवेदन दिया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन में कुल प्राप्त 50823 आवेदनों में से 43304 ग्रामीण एवं 7519 शहरी क्षेत्र के आवेदन में मांग आधारित 49242 एवं शिकायत से सम्बंधित 1581 आवेदन शामिल हैं।

## दीपक तिवारी वन मंडल में उड़नदस्ता प्रभारी बनाए गए

# आते ही टीम के साथ मिलकर लकड़ी तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 10 अप्रैल।** दीपक तिवारी उप वन क्षेत्रपाल को रायपुर वन मंडल में उड़नदस्ता प्रभारी बनाए जाने के बाद लकड़ी तस्करी पर नकेल कसने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम में वनपाल देवेन्द ठाकुर सहायक प्रभारी, केशव यादव वनपाल, भूपेंद्र खैरवार, वसीम खान, और दुष्यन्त गोस्वामी शामिल हैं।



दीपक तिवारी के नेतृत्व में इस टीम ने लकड़ी तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने एक ट्रक (कंटेनर) पकड़ा, जिसमें लाखों रुपये की खेर लकड़ी उड़ीसा से मध्य प्रदेश तस्करी की जा रही थी। इस कार्रवाई में ट्रक चालक और मालिक को जेल भेज दिया गया और शासन ने कंटेनर को राज सात कर दिया।

इसके अलावा, टीम ने कई ट्रेक्टर जो अवैध लड़की की परिवहन कर रहे थे, उन्हें भी पकड़कर कार्यवाही की। यह कार्रवाई लकड़ी तस्करी पर नकेल कसने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

दीपक तिवारी लगातार सक्रीय है लगातार ताबड़ तोड़ कार्यवाही कर रहे है वनमंडलाधिकारी रायपुर और ज्वाइन डी एफ ओ के नेतृत्व में शर्मा आरा मिल पचपेड़ी नाका रायपुर में छापा मारा इस दौरान लाइसेंस और स्टॉक रजिस्टर नहीं होने के कारण आरा मिल सील कर दिया गया।

बीती रात दीपक तिवारी की टीम द्वारा खरोरा और तिल्दा क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए चार ट्रेक्टर अवैध लकड़ी परिवहन करते हुए पकड़ा दीपक तिवारी की इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी माफ़ियाओं में तथा अवैध आरा मिल का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है.आपको बता दे की रायपुर जिले में दीपक तिवारी के पदस्त होते है अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है वो अपना कारोबार समेटना चालू कर दिया है उनका कहना है की 'सिंघम रिटर्न'।

## किसान की पिटाई के खिलाफ क्रांति सेना, जोहार पार्टी का धरना-प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 10 अप्रैल।** खिलोरा में दिनों हुई घटना को लेकर क्रांति सेना व जोहार पार्टी ने सोमवार को सिमगा बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग को लेकर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यदु जी देवप्रसाद वर्मा गोपाल वर्मा जितेंद्र साहू दीपक वर्मा गोपाल ध्रुव जितेन वर्मा महिला क्रांति सेना से ब्लाक कुमारी बाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए जो खिलोरा में आरोपियों ने किसान को जमकर पीटा था जो तिल्दा निवासी रौनक अग्रवाल व उनके सहयोगियों द्वारा गांव के किसान खोरबाहरा जायसवाल 57 वर्ष को रात 12:30 बजे अगुआ करके बंधक बनाकर बर्बरता पूर्वक अमानवीय दंग से जूता चप्पल लाठी से अधमरा होते तक मारपीट किया घटना की सूचना पर हथबंद थाना से सिपाही मौके पर पहुंचे लेकिन घायल खोरबाहरा जायसवाल पीड़ित को पुलिस कर्मचारियों ने अस्पताल नहीं पहुंचाया और न ही किसी प्रकार की मदद की और तो और पीड़ित का रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई।

रोनक अग्रवाल जो तिल्दा खिलोरा में राइस मिल बना रहा है जिसके द्वारा शासकीय भूमि में बलात कब्जा कर निमार्ण कार्य किया जा रहा है कि शिकायत खोरबाहरा जायसवाल एवं खिलोरा ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से की थी जिससे चिढ़ कर गांव में दहशत दादागिरी गुंडागर्दी स्थापित करने के लिए उक्त घटना को अंजाम दिया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर एसडीएम कार्यालय में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

## जैन समाज की शोभायात्रा में जनपद सदस्य मंजू हुई शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 10 अप्रैल।** ग्राम कुसुमकसा में महावीर जयंती पर जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने जैन समाज के शोभा यात्रा में शामिल होकर समाज के द्वारा शोभा यात्रा पूरे गली भ्रमण कर भगवान महावीर स्वामी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाया गया बस स्टैंड चौक पर पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस अपने साथियों के साथ पूरे समाज के लोगों को शरबत और आइसक्रीम का वितरण कर समाज के लोगों को महावीर जयंती की बधाई संप्रेषित किए जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हमें महावीर स्वामी के संदेशों को आत्मसात कर सत्य के रास्ते को चुनना पड़ेगा जैन समाज सदैव जनसेवा में आगे रहता है और जन सेवा ही प्रभु सेवा है पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा कि जैन शब्द की उत्पत्ति जिन शब्द से मानी जाती है जिसका अर्थ होता है जितने वाला जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है हमे और पूरे समाज को मवाहीर स्वामी जी बताए मार्ग को अनुकरण कर हम सभ्य समाज की परिकल्पना कर सकते है इस अवसर पर डाक्टर भूपेंद्र मिश्रा, पुष्पजीत बैंस, डाक्टर नसीम खान, विनोद सोनी, वीरेंद्र सिन्हा, संतोष जैन, देवराज जैन, नितिन जैन, मनीष जैन, दिनेश जैन, किशोर बाफ्ना, मोती कुचेरिया, आशीष जैन, राहुल जैन, नैतिक जैन, मुकेश जैन सहित पूरे जैन समाज के गणमान्य जन उपस्थित थे।



## वाटरशेड यात्रा से गांव-गांव तक पहुंचा जल संरक्षण का संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिले के पीएमकेएसवाय 2.0 डब्ल्यू/1 कसडोल में वाटरशेड यात्रा निकाला गया। इस दौरान ग्राम मटिया में रैली निकालकर भूमिपूजन कार्य, सुकली में पानी की पाठशाला के साथ-साथ रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक नृत्य, शपथ ग्रहण, तथा जल एवं मृदा संरक्षण के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्राम कौवाताल में कैक्टस प्लांटेशन के पास श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण भी किया गया। गांवों में जल संकट की बढ़ती समस्या के समाधान के लिए इस बार जल संरक्षण को लेकर वाटरशेड यात्रा की नई शुरुआत की गई है। यह जागरूकता अभियान गांव-गांव जाकर लोगों को यह समझा रहा है कि कैसे जल संरक्षण की सरल और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर खेती में कम जल का उपयोग किया जा सकता है और फसल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।


### नाम परिवर्तन

मैं रेखा बाई निषाद पति हरक राम निषाद निवासी ग्राम खुबाटोला पो. लाल बहादुर नगर थाना डोंगरगढ़ तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम रेखा बाई निषाद पति हरक राम निषाद अंकित हैं एवं मेरे बैंक खाता पास बुक में मेरा नाम रूपा बाई निषाद पति हरक अंकित हैं जो कि मैं अपना नाम रेखा बाई निषाद पति हरक राम निषाद परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एव पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

भवदीय

(रेखा बाई निषाद)

### न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202503140100021/
अ-21(2)/सन् 2024-25
ग्राम-कंडेल, प.ह.नं.-08

### उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. सिकन्दर रजा पिता मो. मुंशी रजा निवासी मकेश्वर वार्ड सिहावा चैक धमतरी कृषक ग्राम कंडेल के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत भूमि स्वामी हक की आवासीय प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम कंडेल पटवारी हल्का नंबर 08 तहसील चारामा में स्थित भूमि खसरा नंबर 699/1 में से रकबा 0.094 हेक्टेयर परिवर्तित लगान 1280.00 रूपये है को बिक्री इकरारनामा के अनुसार अन्य भूमि संपत्ति एवं मकान निर्माण करने हेतु पैसों की आवश्यकता होने के कारण 18,50,000.00 अठ्ठारह लाख पचास हजार रू. में विक्रय करने का सौदा क्रेता सलज अग्रवाल पिता स्व. केदारनाथ अग्रवाल निवासी सोरिदनगर अम्बेडकर वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन पेश करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 17.04.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
चारामा
(मुहर) जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)


## पूर्व विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

# नगर में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 अप्रैल।** भाटापारा में निकाय चुनाव के बाद अब विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। नगर पालिका परिषद में भाजपा के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा की जीत हुई है साथ ही 31 में से 24 वार्डों में भाजपा के पार्षद जीतकर आए हैं। ऐसे में नगर के विकास को लेकर परिषद की सक्रियता दिख रही है। इसी कड़ी में बीते दिन पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा नगर के अनेक वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें नगर पालिका परिषद भवन में प्रथम तल के निर्माण कार्य समेत वार्डों में नाली निर्माण जैसे निर्माण कार्य शामिल हैं।

गौरतलब है कि नगरीय निकाय चुनाव के वक्त अश्वनी शर्मा ने बतौर नपा अध्यक्ष प्रत्याशी नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने का संकल्प पत्र नगरवासियों के सामने रखा था। अपनी जीत के बाद शर्मा अपने संकल्प को पूरा करने पूरी तरह सक्रियता से काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में बीते दिन पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने विकास कार्यों के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें नगर पालिका परिषद, भाटापारा में प्रथम तल पर कक्ष निर्माण कार्य, मुंशी स्माइल वार्ड में नहर किनारे अटल परिसर, संत माता कर्मा वार्ड में नाली निर्माण कार्य, गांधी मंदिर वार्ड एवं दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड में नाली निर्माण कार्य के भूमिपूजन शामिल रहे। नगर पालिका परिषद भवन में प्रथम तल बनने से जहाँ शासकीय कार्यों के संचालन में सहजता आएगी एवं नगरवासियों को आवश्यक सुविधाएं प्राप्त करने में सुगमता होगी। वहीं अटल परिसर, नाली निर्माण जैसे विकास कार्य को नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे स्वच्छता, स्वास्थ्य और जीवन-शैली में सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

विकास कार्यों के भूमिपूजन इन कार्यक्रमों के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, वार्ड पार्षद सतीश तलरेजा, चंद्रप्रकाश ध्रुव (मोंटू), कीर्तन जायसवाल, आशीष जायसवाल, दिनेश साहू, नीरज शिव वर्मा, धनेश तिवारी, रवि वर्मा, रामचंद वर्मा, दादू ध्रुव, लोकेश जायसवाल (छोटू), मनीष मिश्रा, मनीष पंजवानी, संतोष पांडेय, प्रवीण शर्मा, बी.एल. यादव, बादल देवांगन, शुभम राजपूत, प्रकाश ठाकुर, रविन्द्र जैन, सुनील यदु, पुरुषोत्तम यदु, रूपचंद थारानी, घनश्याम आर्य, राकू मंधान, कैलाश बलानी, दरवेश हबलानी समेत अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।




### कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
(आदिवासी विकास शाखा)

phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email: actd.dantewada@nic.in

### ::संक्षिप्त निविदा::

क्रमांक/42/आ.वि./निर्माण/2024-25 — दन्तेवाड़ा, 08/04/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों के लिए प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर शासकीय निर्माण विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा भवन निर्माण कार्यों के लिए जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर नियत तिथि एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दन्तेवाड़ा के नाम से होगा।

1. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि - 21/04/2025 सायं 5.00 बजे तक
2. भरे हुए निविदा प्रपत्रों की मुहरबंद लिफाफे कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि - 24/04/2025 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 25/04/2025 दोपहर 11.00 बजे

| क्र. | कार्य/स्थान का नाम | कार्य की लागत (लाखों में) | अमानत राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य/शर्तें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्री.मै.कन्या छात्रावास दंतेवाड़ा में अतिरिक्त कक्ष शौचालय/स्नानगृह, बोरवेल खनन, किचन शेड निर्माण कार्य। (02 नग) | 32.00 | 0.24 | प्रति कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 1500/- रू. होगी। उक्त कार्य हेतु 'D' श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते हैं, तथा कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण करना होगा। |
| 2 | प्री. मै. बालक छात्रावास दंतेवाड़ा में अतिरिक्त कक्ष शौचालय/स्नानगृह, बोरवेल खनन, किचन शेड निर्माण कार्य। (02 नग) | 32.00 | 0.24 | |
| 3 | प्री. मै. कन्या छात्रावास कटेकल्याण में अतिरिक्त कक्ष शौचालय/स्नानगृह, बोरवेल खनन, किचन शेड निर्माण कार्य। | 19.00 | 0.139 | प्रति कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- रू. होगी। उक्त कार्य हेतु 'D' श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते हैं, तथा कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण करना होगा। |
| 4 | प्री. मै. बालक छात्रावास कटेकल्याण में अतिरिक्त कक्ष शौचालय/स्नानगृह, बोरवेल खनन, किचन शेड निर्माण कार्य। | 18.42 | 0.145 | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-252600205/10

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास दंतेवाड़ा

# राज्य शासन ने लिया राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का फैसला

**रायपुर, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए।

कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार सुशासन की सरकार है। हमारी सरकार में किसी भी निर्दोष के साथ गलत नही होने दिया जाएगा। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में कई ऐसे राजनीतिक प्रकरण दर्ज किए गए थे, जो केवल लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग का हिस्सा थे। भाजपा सरकार की नीति हमेशा यही रही है कि राजनीतिक कारणों से किसी भी निर्दोष व्यक्ति को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए। इसलिए हमारी सरकार ने निष्पक्षता के साथ इन मामलों की समीक्षा कर ऐसे सभी गैर-गंभीर मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री शर्मा ने आगे कहा कि हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और किसी भी नागरिक के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्णय न केवल न्यायसंगत है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।



विपक्ष की तुष्टिकरण और दमनकारी नीतियों के विपरीत, हमारी सरकार पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन में विश्वास रखती है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जो प्रकरण कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले या हिंसक गतिविधियों से जुड़े हुए थे, उनकी समीक्षा अलग प्रक्रिया के तहत की गई है। लेकिन जिन मामलों में केवल राजनीतिक विरोध या लोकतांत्रिक आंदोलन हुआ था और किसी प्रकार की हिंसा नहीं हुई थी, उन्हें न्यायालय से स्वीकृति प्राप्त कर वापस लिया गया है। हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है हम जनता के हक की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की भावना को मजबूत करेंगे और राजनीतिक द्वेष के आधार पर लिए गए निर्णयों को सुधारेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार जनता की सरकार है और हम किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर बेवजह कानूनी बोझ नहीं डालने देंगे। राजनीतिक प्रकरणों की वापसी एक विस्तृत और कानूनी प्रक्रिया के तहत की जाती है। सबसे पहले राज्य शासन द्वारा सभी जिलों में दर्ज राजनीतिक प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। गृह विभाग द्वारा संबंधित जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाता है कि कौन-से मामले गंभीर प्रकृति के नहीं हैं और जिनमें हिंसक घटनाएं शामिल नहीं हैं। इसके बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा उपरांत, प्रकरण को मंत्रिपरिषद में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाता है। अनुमोदन प्राप्त होने के बाद न्यायालय में प्रकरण वापसी का आवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

## एक नजर

### झूलेलाल मंदिर का स्थापना दिवस 13 को

**रायपुर, 10 अप्रैल।** श्रीराम मंडली एवं श्रीराम युवा मंडली द्वारा 35 वर्षों से झूलेलाल मंदिर के स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। एवं इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम झूलेलाल मंदिर का स्थापना दिवस 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम रविवार, 13 अप्रैल को प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना, 10:30 बजे प्रतिमा का दुग्धाभिषेक, 11:00 बजे स सिन्धी डांडिया छेज नृत्य, 11:30 बजे से गीत-संगीत कार्यक्रम म्यूजिकल पार्टी के द्वारा तथा दोपहर 1:30 बजे से आम भंडारा होगा। समारोह स्थल जय झूलेलाल मंदिर, भोईपारा, रायपुर है।

### चिंताहरण हनुमान मंदिर भजनों से गूंजेगा



**रायपुर, 10 अप्रैल।** चौबे कालोनी स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव शनिवार 12 अप्रैल को उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में दीपक-नरेश केडिया ने बताया कि पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। सुबह से ही पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संध्या 5 बजे मशहूर सिंगर श्रीकांत शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें हनुमान जी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। संध्या 8 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, आरती की जाएगी। साथ ही सभी के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### 8 जिलों में येलो अलर्ट जारी, बारिश की संभावना

**रायपुर, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने करवट ली है. प्रदेश के कई जिलों में अगले तीन घंटों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, कांकेर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और राजनांदगांव जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. राजधानी रायपुर में भी बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है. प्रदेश में दिन की तपिश लोगों को बेहाल कर रही है. मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है. सबसे ज्यादा गर्म राजनांदगांव रहा, जहां आज पारा 41.5 डिग्री तक पहुंच गया. वहीं मंगलवार रात के समय राजधानी रायपुर सबसे ज्यादा गर्म रही, जहां न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी और तीव्र हो सकती है.

### मशहूर डिजाइनर राजधानी में

**रायपुर, 10 अप्रैल।** कोलकाता के मशहूर ऑर्गेनाइजर्स में से एक हिंडोला प्रीमियम लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक के बाद एक धमाकेदार प्रदर्शनी पेश किया है। हिंडोला प्रीमियम लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन इस बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लोगों का दिल जीतने के लिए आ रहा है। हिंडोला रायपुर स्थित सायाजी होटल में 12 एवं 13 अप्रैल को प्रदर्शनी आयोजित करने जा रहा है जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी श्रीमती कविता राठी द्वारा किया जाएगा। आयोजनकर्ता रवि धानुका ने बताया कि 12 अप्रैल से शुरू होने वाली इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से बेहद ही खास और चुनिंदा एक्जीबिटर्स के साथ कलेक्शंस की वैरायटी को बहुत ही खूबसूरती के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

## छग ने 14,195 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड खनिज राजस्व प्राप्त किया



**रायपुर, 10 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद के निर्देशन में छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज राजस्व प्राप्ति में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में संचालित खनन संक्रियाओं से 14,195 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है, जो विगत वर्ष 2023-24 के 12,795 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि (1400 करोड़ रुपये अधिक) दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के खनिज राजस्व संग्रहण में जिला दंतेवाड़ा ने सर्वाधिक 6580 करोड़ रुपये का योगदान देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, कोरबा से 2148 करोड़, रायगढ़ से 2027 करोड़, बालोद से 1313 करोड़, सरगुजा से 585 करोड़, बलौदाबाजार से 354 करोड़, कांकेर से 328 करोड़, तथा सूरजपुर से 155 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय राजस्व भागीदारी दर्ज की गई है। छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में मात्र 4त्न की हिस्सेदारी होते हुए भी छत्तीसगढ़ का देश के कुल खनिज उत्पादन मूल्य में 16त्न से अधिक की भागीदारी है। यहां मुख्य रूप से लौह अयस्क, कोयला, चूनापत्थर और बाक्साइट के विशाल भंडार हैं, जो खनिज राजस्व के प्रमुख स्त्रोत हैं।

## छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**रायपुर, 10 अप्रैल।** कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के केडीआरसीएसटी के बीबीए और बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए 9 अप्रैल को टेक्नो टास्क कंपनी का शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया था ताकि उन्हें कॉर्पोरेट वातावरण और प्रौद्योगिकी संचालित संगठन के संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा सके। इस दौरे का उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के व्यावसायिक प्रथाओं के बीच की खाई को पाटना था। इसका उद्देश्य परिचालन संरचनाए परियोजना प्रबंधनए मानव संसाधन प्रथाओंए विपणन रणनीतियों कैरियर के अवसरोंए व्यवसाय प्रसंस्करणए टेलीकॉलिंग आदि को समझना था। छात्रों ने इसके अभिनव समाधानों और गतिशील कार्य संस्कृति के बारे में जाना। दौरे की शुरुआत मानव संसाधन प्रबंधक द्वारा कंपनी के विजन मिशन का परिचय देते हुए एक प्रस्तुति के साथ हुई। छात्रों को विभिन्न विभागों सूचना प्रौद्योगिकीए विपणनए ग्राहक सहायता का निर्देशित दौरा कराया गया। उन्होंने पेशेवरों के साथ सराहना की और वास्तविक समय संचालन का निरीक्षण किया।

## रिर्जव बैंक के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**रायपुर, 10 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन द्वारा डिजिटल फ्रॉड को लेकर दिए गए हालिया बयान तेजी से डिजिटल होती वित्तीय प्रणाली में एक गंभीर और तेजी से बढ़ते खतरे की समयोचित और आवश्यक स्वीकार्यता को दर्शाते हैं। जैसे-जैसे विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल लेन-देन बढ़ रहा है, मजबूत सुरक्षा ढांचे और त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हम आरबीआई के इस सक्रिय दृष्टिकोण का स्वागत करते हैं और नियामक संस्थाओं, वित्तीय संस्थानों एवं फिनटेक प्लेटफॉर्म्स के बीच गहन सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हैं ताकि एक सुरक्षित और सुदृढ़ डिजिटल अर्थव्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि उतना ही महत्वपूर्ण है आरबीआई गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा द्वारा को-लेंडिंग पर दिया गया जोर। यह नवाचार आधारित मॉडल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को बेहतर बनाने में सफल रहा है और अब इसे अन्य क्षेत्रों तक विस्तार देना एक स्वागतयोग्य कदम है। यह छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए औपचारिक वित्त तक पहुंच को आसान बनाकर क्रेडिट प्रणाली का लोकतंत्रीकरण कर सकता है।

## बेहतर परीक्षा परिणाम का झांसा देने वालों से सर्तक रहने पुलिस की अपील

**रायपुर, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाएं अभी हाल ही में सम्पन्न हुई हैं, जिसका मूल्यांकन कार्य जारी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार इन परीक्षाओं में बच्चों को उत्तीर्ण कराने व बेहतर परिणाम का झांसा देकर साइबर ठगों द्वारा ठगने का प्रयास किया जा सकता है। ठगों द्वारा खुद को शिक्षा मंडल अधिकारी या पहचान बताकर नंबर बढ़ाने, पास कराने या कम्प्यूटर में डेटा चेंज का झूठा दावा करते हुये, फीस या चार्ज के नाम पर बैंक एकाउंट या यूपीआई डिटेल्स प्राप्त कर ठगी किया जा रहा है। हालांकि राज्य की साइबर पुलिस टीम द्वारा ऐसे ठगों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है, किन्तु पालकों, शिक्षकों और विशेषकर बच्चों को यह जानकारी होना चाहिए कि किसी भी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण कराने एवं नंबर बढ़ाने के संबंध में कोई भी कॉल या लिंक प्राप्त होता है, तो ऐसे कॉल्स का जवाब न दें और पुलिस को सूचित करें। साथ ही इस संबंध में यदि कोई लिंक प्राप्त होता है तो लिंक को न खोलें।

## ब्राह्मणपारा की जलसमस्या को शीघ्र हल करने के निर्देश

**रायपुर, 10 अप्रैल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, ब्राम्हणपारा वार्ड के पार्षद अजय साहू, शहीद पंकज विक्रम वार्ड की पार्षद श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के पार्षद प्रमोद कुमार साहू, नगर निगम के पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, सामाजिक कार्यकर्ता केके अवधिया सहित जोन 4 जोन कमिशनर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, जोन 6 जोन कमिशनर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपडा एवं अन्य संबंधित जोन 4 व जोन 6 के निगम अधिकारियों की उपस्थिति में रायपुर दक्षिण विधायक ने ब्राम्हणपारा क्षेत्र में पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये है। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने सभापति सूर्यकांत राठौड़ सहित जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्षेत्र में शिव मंदिर चौक सामुदायिक भवन एवं शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्षेत्र में टिकरापारा में लगाये गये समाधान तिहार शिविर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन वार्ड पार्षद श्रीमती स्वप्निल मिश्रा एवं प्रमोद कुमार साहू की उपस्थिति में किया।

## छत्तीसगढ़ में लागू हुई नक्सलवादी आत्मसमर्पण नीति

**रायपुर, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है। गृह विभाग द्वारा 28 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं। यह नीति, नक्सल हिंसा में पीड़ित हुए व्यक्तियों एवं परिवारों जैसे कि मृत्यु, गंभीर घायल या स्थायी अपंगता के शिकार लोगों के साथ-साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और राहत के उद्देश्य से तैयार की गई है। अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में गठित होने वाली समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत के सीईओ, कलेक्टर द्वारा नामांकित दो अन्य अधिकारी तथा सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया जाएगा। प्रत्येक जिले एवं सब-डिविजनल स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जिनका मोबाइल नंबर व ई-मेल पता राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा। यह अधिकारी समस्त पुनर्वास कार्यों की निगरानी करेंगे। गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि राज्य गठन के उपरांत से अब तक के सभी पीड़ित प्रकरणों को चिन्हित किया जाए और आत्मसमर्पित नक्सलियों का चयन कर राहत एवं पुनर्वास की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। इस नीति के अंतर्गत एक विशेष पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्ति की जानकारी दर्ज की जाएगी और उन्हें एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। संबंधित अधिकारी इस पोर्टल के डैशबोर्ड का नियमित रूप से अवलोकन कर राहत एवं पुनर्वास के कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। गृह विभाग ने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे इस नीति के अंतर्गत निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए राहत एवं पुनर्वास की कार्यवाही को समय सीमा में प्रभावी रूप से पूरा करेंगे।

## युवा महिला ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट से मल्टीपल मायलोमा पर विजय प्राप्त की

**रायपुर, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ की रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने एक अभूतपूर्व चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है, जो मल्टीपल मायलोमा नामक दुर्लभ और आक्रामक रक्त कैंसर से जूझ रहे युवाओं के लिए आशा की किरण बन गई है, जो आमतौर पर वृद्धों में पाया जाता है। रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट बीएमटी करवाने के बाद, 5 वर्षीय बच्ची की माँ श्रीमती प्रजापति अब स्वस्थ हैं, उन्होंने सभी बाधाओं को पार करते हुए इस जटिल बीमारी के उपचार में हुई प्रगति को उजागर किया है। मल्टीपल मायलोमा, जो अस्थि मज्जा में प्लाज्मा कोशिकाओं को प्रभावित करता है, का निदान आमतौर पर 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में किया जाता है। नेहा की देखभाल करने वाली टीम ने, जिसका नेतृत्व रक्त कैंसर के विशेषज्ञ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल ने किया।



डॉ. रवि जायसवाल


# अधिकारी-कर्मचारियों को वर्षों से लंबित ग्रेच्युटी राशि का भुगतान

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 10 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव की पहल पर भिलाई नगर निगम में वर्ष 2018 से लंबित सेवानिवृत्त व मृत अधिकारियों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी का भुगतान किया गया है। पिछले दो वर्षों से लंबित जीपीएफ/सीपीएफ, अवकाश नगदीकरण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एरियर्स का भी भुगतान अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया है। लंबे समय से इन राशियों का इंतजार कर रहे भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्मिकों तथा मृत अधिकारियों-कर्मचारियों के परिजनों ने इस पर खुशी जताते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। उन्होंने भिलाई नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ श्री साव के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर आभार जताया और धन्यवाद दिया।




भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत्त व मृत अधिकारियों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी के वर्ष 2018 से भुगतान नहीं होने की बात संज्ञान में आते ही उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने विभागीय अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया था। उन्होंने पिछले दो वर्षों से लंबित अधिकारियों-कर्मचारियों के जीपीएफ/सीपीएफ, अवकाश नगदीकरण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एरियर्स के भी भुगतान की व्यवस्था के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री श्री साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए संचित निधि से 10 करोड़ 85 लाख 36 हजार रुपए तथा जीपीएफ/सीपीएफ एवं अवकाश नगदीकरण के भुगतान के लिए लीज फ्री-होल्ड की राशि से चार करोड़ 36 लाख 38 हजार रुपए के भुगतान की अनुमति भिलाई नगर निगम को दी है। विगत 3 अप्रैल को राज्य शासन द्वारा अनुमति प्रदान किए जाने के दो दिनों के भीतर ही 300 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के खातों में 15 करोड़ रुपए अंतरित कर दी गई है। ग्रेच्युटी एवं अन्य राशि मिलने से खुश सेवानिवृत्त कार्मिकों तथा मृत अधिकारियों-कर्मचारियों के परिजन, भिलाई नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर आभार जताया और धन्यवाद दिया।










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26